वर्षः 9 - अंक : 140, मुंबई, सोमवार, 5 अगस्त, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

# बारिश का कहर

## सांताक्रुज में करंट से मां-बेटे की मौत



## कई रूट पर ट्रेनें रोकी गईं



### पनवेल-रोहा सेंट्रल रेलवे की लाइन पर मलबा गिरा


पनवेल-रोहा सेंट्रल रेलवे की लाइन पर मलबा गिरा। रेल कर्मचारियों ने समय रहते बड़ा हादसा टाल दिया। इस लाइन पर राजधानी एक्सप्रेस भी फंस गई जिसे बाद में आगे बढ़ाया गया।

## मुंबई में मानसून सीजन में बारिश का 89% कोटा 45 दिन में ही पूरा हुआ

**संवाददाता / मुंबई।** मुंबई में बारिश का कहर जारी है। रविवार को सांताक्रुज इलाके में करंट लगने से मां-बेटे की मौत हो गई। सांताक्रुज के पटेल नगर में रविवार को करंट लगने से मां-बेटे की मौत हो गई। मां माला नगम की उम्र 52 साल और उनके बेटे संकेत नगम की उम्र 26 साल बताई जा रही है। उन्हें वीएन देसाई अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। (शेष पृष्ठ 5 पर)

**गोरेगांव में लैंडस्लाइड, 4 घायल**: गोरेगांव ईस्ट में लैंडस्लाइड का मामला सामने आया है। लैंडस्लाइड के चलते 4 लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

**मुंबई के इन इलाकों में भरा पानी**: ठाणे और पालघर में अभी ज्यादा बारिश हो रही है। दहिसर, गोरेगांव, मालाड, अंधेरी, घाटकोपर, कुर्ला, बांद्रा, खार, मुलुंड, चेंबूर, ठाकुर विलेज, किंग सर्कल, हिंदमाता, सांताक्रीज, सायन, एलबीएस मार्ग, ओबेरॉय जंक्शन, मिलन सब-वे, साकीनाका समेत कई इलाकों में पानी भर गया। दूसरी ओर, पुणे से महाबलेश्वर जाने वाला रास्ता भूस्खलन होने से बंद हो गया। जिससे 56 गांव का संपर्क मुख्य शहर से टूट चुका है।




## सियासी घमासान के बीच महबूबा मुफ्ती पर शिकंजा

### एसीबी ने बैंक नियुक्तियों पर मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में धारा 370 और 35ए पर जारी सियासी घमासान के बीच एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसीबी ने महबूबा मुफ्ती से जम्मू और कश्मीर बैंक में नियुक्तियों को लेकर उनसे सवाल-जवाब किया है। एसीबी के एसएसपी की ओर से 3 अगस्त को जारी एक पत्र में महबूबा मुफ्ती से कहा गया है कि दर्ज एफआईआर में जांच से पता चला है कि नियुक्तियों के लिए जम्मू और कश्मीर बैंक के चेयरमैन से कुछ मंत्रियों ने सिफारिश की। (शेष पृष्ठ 5 पर)

## उन्नाव केस

### आरोपी विधायक कुलदीप के आवास समेत 4 जिलों के 15 ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी



लखनऊ। उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के साथ हुए हादसे की जांच कर रही सीबीआई ने रविवार को आरोपी विधायक कुलदीप सेंगर और उसके करीबियों के 15 ठिकानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने लखनऊ, उन्नाव, बांदा और फतेहपुर में एक साथ कार्रवाई की। (शेष पृष्ठ 5 पर)

## श्रीनगर में दर्जी की दुकान में धमाका

### 15 ग्रेनेड भी बरामद



**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में रविवार सुबह एक धमाका हुआ। नियंत्रण रेखा पर केरन के फिरकियां में हुए इस धमाके में एक शख्स की मौत हो गई। (शेष पृष्ठ 5 पर)

**धमाके में अब्दुल हमीद बजाद नाम के शख्स की मौत हो गई**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### शिवसेना ने महिला मतदाताओं को ध्यान में रखकर प्रचार अभियान शुरू किया

**मुंबई।** युवा शिवसेना प्रमुख आदित्य ठाकरे की जन आशीर्वाद यात्रा समापन के करीब पहुंच गयी है, ऐसे में शिवसेना ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महिला मतदाताओं तक पहुंच बनाने के लिये एक अन्य प्रचार अभियान शुरू किया है। शिवसेना के सचिव आदेश बांदेकर को मौली संवाद नामक इस प्रचार अभियान को चलाने का कार्य सौंपा गया है। बांदेकर एक जाने माने मराठी अभिनेता और टीवी कार्यक्रम के मेजबान हैं। बांदेकर ने शुक्रवार को पास के पालघर जिले में दहानु से अपने अभियान की शुरूआत की और अब तक उन्होंने वहां के पोइसर, वाडा और शाहपुर इलाकों में प्रचार अभियान चलाया है। शिवसेना नेता ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनके लोकप्रिय कार्यक्रम होम मिनिस्टर की तरह ही महिलाएं बेहिचक उनसे अपनी समस्याएं साझा करेंगी। बांदेकर को उनके टीवी कार्यक्रम होम मिनिस्टर से लोकप्रियता मिली और यह कार्यक्रम अब भी क्षेत्रीय चैनल पर प्रसारित हो रहा है। उन्होंने कहा, होम मिनिस्टर एक मनोरंजक कार्यक्रम है जिसमें महिलाएं और उनके घरों को शामिल किया जाता है। यहां मौली संवाद के माध्यम से मैं उनकी तकलीफ, दुश्वारियों को समझने की कोशिश करूंगा और इसके लिये क्या किया जाये इस पर उनकी राय जानना चाहूंगा। शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे अपनी जन आशीर्वाद यात्रा के दूसरे चरण में हैं, जिसमें वह लोगों का आशीर्वाद ले रहे हैं और अपनी पार्टी के समर्थन के लिये उनका धन्यवाद कर रहे हैं। राज्य विधानसभा के चुनाव सितंबर-अक्टूबर में संभावित हैं।

### मुंबई पुलिस ने पेश की मानवता की मिसाल

**मुंबई।** शुक्रवार रात से जारी आसमानी आफत के चलते शहर में हुए जलजमाव से लोग जहां-तहां फंस गए। सभी की हालत दयनीय थी। ऐसे में भूख से बिलबिला रहे लोगों के बीच जाकर मुंबई पुलिस ने खाद्य सामग्री बांट कर मानवता की मिसाल पेश की। ऐसा वाकया नॉर्थ मुंबई के नॉर्थ रीजन पुलिस के तहत समता नगर के हनुमान नगर में देखने को मिला। यहां भारी बारिश के चलते हुए जलजमाव से कई सोसायटी में पानी भर गया। फंसे लोगों को समता नगर पुलिस के जवानों ने दिनभर राहत सामग्री पहुंचाई। नॉर्थ रीजन के अडिशनल सीपी दिलीप सावंत और जोन 13 के डीसीपी डॉ. स्वामी के मार्गदर्शन में समता नगर पुलिस ने राहत सामग्री का वितरण किया। इनमें बड़े-बुजुर्ग, महिलाएं एवं सुबह-सुबह स्कूल गए स्टूडेंट्स शामिल थे। नॉर्थ रीजन के अडिशनल सीपी दिलीप सावंत ने बताया कि पुलिस का काम सिर्फ अपराधियों को गिरफ्तार करना ही नहीं, बल्कि मुसीबत में फंसे लोगों राहत व मदद पहुंचाना है।

### भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह पर महिला के उत्पीड़न का मामला दर्ज

**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता-गायक पवन सिंह पर 25 वर्षीय महिला अभिनेत्री का सोशल मीडिया पर कथित यौन उत्पीड़न करने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। मलवानी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि महिला ने आरोप लगाया कि सिंह ने भद्दी टिप्पणियां पोस्ट की और उसके सोशल मीडिया हैंडल पर उसकी अश्लील तस्वीरें अपलोड की। उन्होंने कहा कि पुलिस को दर्ज कराए अपने बयान में महिला ने कहा कि सिंह उससे दोस्ती जारी रखना चाहता था और उसने ऐसा नहीं करने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। महिला की शिकायत के आधार पर उपनगर मलाड में मलवानी पुलिस ने सिंह, उनके सहयोगी और अन्य के खिलाफ शुक्रवार को एक मामला दर्ज किया। उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 509 और धारा 354 तथा सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले की छानबीन चल रही है।

# आदित्य ठाकरे को डेप्युटी सीएम पद देने के लिए तैयार हूं

## चाहता हूं कि वह सरकार का हिस्सा बनें : देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले शिवसेना और बीजेपी के बीच मचे घमासान के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का बयान आया है। सीएम फडणवीस ने कहा है कि वह शिवसेना की युवा इकाई के प्रमुख आदित्य ठाकरे को उपमुख्यमंत्री पद देने के लिए तैयार हैं। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया है कि चाहे कुछ भी हो महाराष्ट्र में बीजेपी और शिवसेना मिलकर चुनाव लड़ेंगी। देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'यह तो साफ है कि किसी भी कीमत पर इस चुनाव में बीजेपी, शिवसेना और दूसरे सहयोगी मिलकर चुनाव लड़ेंगे।' फडणवीस ने आगे कहा, 'अपने पुराने सहयोगियों को साइडलाइन कर देना हमारी परंपरा में नहीं है भले ही हम सबसे बड़ा दल क्यों न हों। हम बराबर सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा कि सीटों का बंटवारा 130 से 140 तक हो सकता है और बाकी बची हुई सीटें सहयोगी दलों को बांट दी जाएंगी। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा में 288 सीटें हैं। चर्चा है कि शिवसेना अब आदित्य ठाकरे को उप मुख्यमंत्री पद के लिए प्रॉजेक्ट कर रही है। इस पर देवेंद्र फडणवीस ने जवाब दिया, 'हमें इससे कभी कोई समस्या नहीं थी। हम अभी भी उन्हें यह पद देने को तैयार हैं। ठाकरे परिवार से चुनाव लड़ने वाले आदित्य पहले सदस्य होंगे और हमें खुशी होगी अगर वह हमारी सरकार का हिस्सा बनेंगे।'

### फडणवीस ने कहा था- अगला मुख्यमंत्री भी मैं ही बनूंगा

आदित्य पहले ही राज्यव्यापी 'जन आशीर्वाद यात्रा' पर हैं और अब फडणवीस ने भी 1 अगस्त से अपनी 'महाजनादेश यात्रा' शुरू कर दी है। इससे पहले मुंबई में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए फड़णवीस ने कहा था,हमें सिर्फ बीजेपी का ही नहीं बल्कि शिवसेना, आरपीआई, राष्ट्रीय समाज पक्ष (राज्य सरकार में सभी सहयोगी पार्टियों) का भी मुख्यमंत्री हूं। जनता यह निर्णय करेगी कि कौन अगला मुख्यमंत्री होगा। आपको चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। हमारा काम ही हमारे लिए बोलेगा।

**मुख्यमंत्री पद बना था टकराव की वजह-** बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले ही मुख्यमंत्री पद बीजेपी और उसके सहयोगी दल शिवसेना के लिए टकराव का मुख्य मुद्दा बना हुआ था। बीजेपी जहां देवेंद्र फडणवीस को ही सीएम पद पर बनाए रखना चाहती है, तो वहीं शिवसेना अपनी युवा इकाई युवासेना के अध्यक्ष आदित्य ठाकरे को सीएम पद के लिए प्रोजेक्ट कर रही थी। लोकसभा चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे, देवेंद्र फडणवीस और अमित शाह के बीच तय हुआ था कि दोनों पार्टियां राज्य की सत्ता में बराबर की अधिकारी होंगी।

## एनसीपी नेता धनंजय मुंडे बोले- बीड को बना दिया है 'मिनी बिहार', बीजेपी को उखाड़ फेंकें

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड से विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे एनसीपी नेता और विधान परिषद में विपक्ष के नेता धनंजय मुंडे ने कहा कि बीड जिले को बीजेपी ने 'मिनी बिहार' बना दिया है। ऐसे लोगों को सत्ता से उखाड़ फेंकने की मांग धनंजय ने की। बीजेपी के नेजा स्व. गोपीनाथ मुंडे की बेटी राज्य की महिला बाल कल्याण मंत्री पंकजा मुंडे और विधान परिषद में विपक्ष के नेता धनंजय मुंडे तनातनी जगजाहिर हैं। आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर दोनों आमने-सामने होंगी। धनंजय उसकी जुबानी तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बीड जिले को मिनी बिहार बताते हुए आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार ने जिले को बहुत पीछे ला दिया। मुंडे ने ट्वीट किया कि 'बेरोजगारी, कन्या भ्रूण हत्या, कुपोषण और आपराधिक गतिविधियां बढ़ी है। हमारे बीड जिले की पहचान मिनी बिहार में बदल गई है।' एनसीपी नेता मुंडे ने कहा कि समाज की विकट परिस्थितियों को छिपाने वाले कपटी नेताओं को सत्ता से बाहर करना चाहिए। बीजेपी की मंत्री पंकजा मुंडे के चचेरे भाई ने एक वीडियो क्लिप साझा कर आरोप लगाया कि बीजेपी के शासन में बीड में कुछ किसानों ने खुदकुशी कर ली और जिले की कुछ लड़कियां छेड़खानी से तंग आकर आत्महत्या कर रही हैं। उन्होंने वीडियो क्लिप के जरिए आरोप लगाया कि बीड में भ्रष्टाचार बेलगाम है और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में राज्य का गृह विभाग जिले में 'निष्प्रभावी' साबित हुआ है।

## विपक्ष के पास कहने के लिए कुछ नहीं, इसलिए उठा रहा ईवीएम का मुद्दा : रामदास आठवले



**मुंबई।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने शनिवार को ईवीएम का मुद्दा उठाने पर विपक्ष को निशाने पर लिया है। उन्होंने विपक्ष पर मुद्दाहीन होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पास अब कहने के लिए कुछ नहीं बचा है, इसलिए वह ईवीएम का मुद्दा उठा रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कहा कि यह मशीन कांग्रेस के ही शासनकाल में लाई गई है, इसे बीजेपी नहीं लाई। गौरतलब है कि हाल ही में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के मुखिया राज ठाकरे ने ईवीएम के मुद्दे पर समर्थन देने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की थी। आठवले ने इसी संदर्भ में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दे नहीं बचे हैं, लिहाजा वह इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का मुद्दा उठा रहा है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'ईवीएम कांग्रेस के शासनकाल में लाई गई थी न कि सत्तारूढ़ बीजेपी के शासनकाल में।' विपक्ष के ईवीएम के बदले मतपत्रों के इस्तेमाल की मांग पर आठवले ने कहा कि मतपत्रों की गिनती समय लेती है और उसमें फर्जी मतदान भी होता है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

## संक्षिप्त खबर

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी जौहरी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सैकड़ों लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में एक जौहरी को गिरफ्तार किया गया है। नौपाड़ा पुलिस थाने के निरीक्षक अविनाश सोनकर ने बताया कि आरोपी संतोष शेलार ने एजेंटों और सब-एजेंटों की मदद से पिछले साल फरवरी से लेकर अप्रैल 2019 तक एक जमा योजना चलाई।
सोनकर ने बताया कि कई शिकायतें मिलने के बाद शेलार को गिरफ्तार कर लिया गया। अनेक लोगों ने उस पर पैसे और गहने न लौटाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के पास जमा की गई राशि करोड़ों में होने की आशंका है। सोनकर ने कहा, ह्यगुरुवार को पुलिस के पास आए 10-15 लोगों ने दावा किया था कि उन्होंने कुल चार लाख रुपये जमा कराए थे।

### ठाणे में गैस लीक होने से लगी आग, 4 लोग झुलसे

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में एक घर में भीषण आग लग गई है। हादसे में चार लोग झुलस गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक आग गैस लीक होने की वजह से लगी। यह घटना ठाणे के कालवा के न्यू शिवाजी नगर इलाके की है। वहीं आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के वाहन घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके बाद दमकल कर्मचारियों ने आग बुझाने का तेजी से शुरू किया और आग में फंसे लोगों को बचाया। साथ ही दमकल कर्मचारियों ने जिस घर में आग लगी उस पर पानी की बौछार की। आग लगने की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड का गाड़िया तुरंत मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मचारियों ने कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में चार लोग झुलस गए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### मुस्लिम समाज को 5 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए निजी विधेयक

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने जब से मराठा आरक्षण पर निर्णय लिया है, तब से मुस्लिम आरक्षण की मांग जोर पकड़ रही है। शुक्रवार की देर रात विधानसभा में कांग्रेस के विधायक आसिफ शेख ने प्राइवेट मेंबर बिल में सदन में पेश किया। उन्होंने अपने बिल में कहा है कि 23 अप्रैल 1942 को तत्कालीन बांबे सरकार ने 228 समाज को पिछड़ा घोषित किया गया था, जिसमें 155 वें क्रमांक पर मुस्लिम का उल्लेख है। केंद्र सरकार को सौंपी रिपोर्ट में सच्चर समिति ने भी मुस्लिम समाज को शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण देने की सिफारिश की है। साथ ही महाराष्ट्र सरकार ने भी 6 मई 2008 में डॉ. मोहम्मद उर रहमान की अध्यक्षता में गठित समिति ने भी राज्य सरकार की सेवाओं और शिक्षा संस्थानों में मुस्लिमों को 8 फीसदी आरक्षण देने की सिफारिश की थी। मुस्लिमों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें सरकारी, अर्ध सरकारी सेवाओं और शिक्षा संस्थानों में 5 फीसदी आरक्षण दिया जाए। हालांकि इस मांग को राज्य सरकार पहले ही नकार चुकी है। सरकार का कहना है कि धर्म या जाति पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। वैसे भी मुस्लिम समाज को ओबीसी और आर्थिक रूप से गरीब आरक्षण व्यवस्था में आरक्षण मिल ही रहा है इसलिए अगल से आरक्षण नहीं दिया जा सकता।

# जल्द ही रेल में क्यूआर कोड से जान पाएंगे कैसा है आपका खाना

**मुंबई।** सालों में रेलवे में सुधार हो रहा है, लेकिन खाने को लेकर अब भी सबसे ज्यादा शिकायत रहती है। खाने की गुणवत्ता को सुधारने के लिए लगातार सुझाव दिए जा रहे हैं। इन पर धीरे-धीरे अमल हो रहा है। शनिवार को रेलमंत्री पीयूष गोयल ने पश्चिम और मध्य रेलवे के साथ रिव्यू मीटिंग की। इस मीटिंग में कैटरिंग से जुड़े मुद्दों को जल्द निपटाने पर जोर दिया गया।

**यात्री जानें कैसा है उनका खाना**

आईआरसीटीसी द्वारा संचालित बेस किचन में कई प्रीमियम ट्रेनों का खाना बनता है। रेलमंत्री ने इन बेस किचन से लाइव फीड देने का इंतजाम जल्द करने का आदेश दिया है। लाइव फीड के जरिए यात्रियों को पता चलेगा उनका खाना कैसे बना है, कितनी हाइजीन रखी गई है।

**पैकिंग पर लगेगा क्यूआर कोड**

बेस किचन से पैक होने वाले खाने में जल्द ही क्यूआर कोड लगाना होगा। इस क्यूआर कोड के जरिए यात्री को खाने से जुड़ी सभी जानकारियां मिल जाएंगी। मसलन खाना कौन से बेस किचन में, कितने बजे पैक किया गया है। खाने का वास्तविक दाम भी क्यूआर कोड के जरिए यात्री को बताया



जाएगा ताकि उतना ही भुगतान किया जाए।

**नो बिल, नो पेमेंट पर जोर**

मुंबई में शुरू की गई नो-बिल, नो-पेमेंट की योजना को अब ट्रेनों में भी सख्ती से लागू किया जाएगा। पीयूष गोयल ने मीटिंग में अधिकारियों से कहा कि नो-बिल, नो-पेमेंट के निर्देश मेटल शीट पर प्रिंट करके ट्रेनों में जल्द से जल्द लगाए जाए। इन शीट पर टी.सी. द्वारा रसीद नहीं दिए जाने पर की जाने वाली कार्रवाई का भी ब्योरा होगा।

**एलएचबी रेक पर जोर**

रेलवे में पारंपरिक रेक का उत्पादन बंद हो चुका है। अब राजधानी की तर्ज पर एलएचबी रेक ही बन रहे हैं। रिव्यू मीटिंग के दौरान रेलमंत्री ने अधिकारियों को पेंट्रीकार वाली ट्रेनों को जल्द ही एलएचबी रेक में बदलने के निर्देश दिए हैं। एलएचबी रेक की पेंट्रीकार वातानुकूलित होती हैं, जिसमें भोजन की गुणवत्ता को बरकरार रखना आसान होता है।

**सिर्फ दो हेल्पलाइन**

रेलवे में फिलहाल विभिन्न प्रकार की सेवाओं के लिए अलग-अलग हेल्पलाइन दी गई हैं। रेलमंत्री ने निर्देश दिया है कि सुरक्षा के लिए आरपीएफ की हेल्पलाइन 182 और अन्य सेवा के लिए कोई एक ही हेल्पलाइन होनी चाहिए। इससे यात्रियों को सुगमता होगी।

**स्टेशनों पर हों एलईडी लाइटें**

बिजली की बचत और उत्तम रोशनी के लिहाज से पारंपरिक लाइट्स को एलईडी लाइट से बदला जा रहा हैं। रेलमंत्री ने अधिकारियों को चरणबद्ध तरीके से सभी स्टेशनों पर एयरपोर्ट की तर्ज पर एलईडी लाइटें लगाने का निर्देश दिया है। मुंबई के कुछ स्टेशनों पर एलईडी लाइटें लगाई जा चुकी हैं।

## पश्चिम बंगाल से भगाकर लाई गई नाबालिग बच्ची को 6 घंटे में छुड़ाया

**नवी मुंबई।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना से भगाकर लाई गई 15 वर्षीय नाबालिग बच्ची को शिकायत मिलने के मात्र 6 घंटे के भीतर मुक्त करा लिया गया। दिनांक 29 जून 2019 को दिल्ली स्थित शक्ति वाहिनी एनजीओ से नवी मुंबई पुलिस आयुक्त को एक ई-मेल आया था। इस ई-मेल में बताया गया था कि पश्चिम बंगाल के उपरोक्त पते से मुंबई में नौकरी दिलाने के बहाने 15 वर्षीय बच्ची का अपहरण करके लाया गया है। इस ई-मेल में लिखी जानकारी के आधार पर पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने अपने मातहत अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई कर नाबालिग बच्ची को छुड़ाने का आदेश दिया। नवी मुंबई पुलिस की अपराध शाखा से संलग्न 'अवैध मानव तस्करी प्रतिबंधक कक्ष' के अधिकारी अपने दस्ते सहित सक्रिय हो गए। तकनीकी सहायता से पुलिस दस्ते को जल्द ही पता चल गया कि अपहृत नाबालिग बच्ची को रायगड जिले अंतर्गत उलवे सेक्टर 19-बी में बामणडोंगरी स्थित निलेश म्हात्रे चाल के घर क्रमांक 1235 में छिपाकर रखा गया है। जब वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अर्जुन गरड के नेतृत्व में पुलिस के दस्ते ने वहां छापा मारा तो 15 वर्षीय नाबालिग बच्ची हबीबमुल्ला अंचार मुल्ला (उम्र 28 साल) के पास मिल गई। हबीबमुल्ला ने बताया कि वह अपने मित्र अशरफुल शायेब मुल्ला उर्फ बाबू के साथ मिलकर दिनांक 9 जून 2019 के दिन नाबालिग बच्ची को मुंबई में नौकरी दिलाने के बहाने लेकर निकला था। ये लोग दिनांक 11 जून 2019 के दिन नवी मुंबई क्षेत्र स्थित उपरोक्त पते पर पहुंच गए थे। यहां ये दोनों नाबालिग बच्ची को अनैतिक कार्यों में लगाने वाले थे। फिलहाल अशरफुल शायेब मुल्ला उर्फ बाबू वापस पश्चिम बंगाल भाग गया है। पुलिस ने फरार अशरफुल शायेब मुल्ला को पकड़ने के लिए उसकी पूरी जानकारी पश्चिम बंगाल के स्थानीय पुलिस को दे दी है।

## MMRDA ने रिलायंस से 1250 करोड़ रुपये बकाया वसूला

**मुंबई।** मुंबई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने पिछले एक साल में तीन अलग-अलग मामलों में मुकेश अंबानी की रिलायंस से बतौर जुर्माना 1250 करोड़ रुपये नकद वसूल किए और 1312 करोड़ रुपये बैंक गारंटी ली है। उसके बाद ही प्राधिकरण ने रिलायंस को पार्ट ओसी दिया। साल 2005 से 2007 के बीच बीकेसी में भूखंड देने के लिए एमएमआरडीए ने निविदा मंगाई थी। बीकेसी में भूखंड हासिल करने के लिए देश की कई सारी जानी मानी दिग्गज कंपनियों ने बोली लगाई। निविदा प्रक्रिया में ज्यादातर भूखंड मुकेश अंबानी की रिलायंस कंपनी की झोली में आया। जे.एच. अंबानी फाउंडेशन ने स्कूल के लिए प्लॉट नंबर एसएफ-7 और एफ-9 प्लॉट हासिल किया। इस मामले में कई तरह की खामियां पाने पर प्राधिकरण ने अंबानी फाउंडेशन पर 32.60 करोड़ रुपये बतौर जुर्माना लगाया और वसूल भी किया। उसके बाद ही 9 जनवरी, 2019 को बकाया निर्माण कार्य शुरू करने की अनुमति दी। बीकेसी में अलग-अलग प्लॉट पर कन्वेशनल एंड एक्जिविसन सेंटर व कार्मशियल सेंटर, पार्किंग के लिए रिलायंस से भूखंड हासिल किया। एमएमआरडीए की शर्त के अनुसार, कुछ प्लॉट पर चार साल के अंदर निर्माण कार्य पूरा करना था। ऐसा नहीं करने पर जुर्माना भरने की शर्त थी। रिलायंस ने निर्माण कार्य तय समय




पूरा नहीं किया। इस पर एमएमआरडीए ने रिलायंस पर जुर्माना लगाया। मामला विवाद में आया गया। आगे चलकर यह मामला कोर्ट में चला गया। ऐसे में एमएमआरडीए ने ओसी देने से साफ मना कर दिया। मामला कोर्ट में गया और कुछ मामले में एमएमआरडीए और रिलायंस से बीच समस्या को मिल-बैठकर हल किया गया। पिछले एक साल के अंदर एमएमआरडीए ने रिलायंस से दो अलग-अलग मामले में 767 करोड़ और 541 करोड़ रुपये नकद लिया और 1312 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी ली। उसके बाद ही प्राधिकरण ने पार्ट ओसी दिया। गौरतलब है कि लोकलेखा समिति की रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि एमएमआरडीए ने रिलायंस पर दरियादिली दिखाई। इससे प्राधिकरण को करोड़ों का नुकसान हुआ है। समिति ने कई तरह की अनियमितता पाई और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करने की सिफारिश की है।

## हमारी बात


### आयुर्विज्ञान आयोग और विरोध

**राष्ट्रीय** आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) विधेयक के राज्य सभा में पारित होने तथा सरकार द्वारा स्पष्टीकरण के बावजूद डॉक्टरों द्वारा इसका विरोध जारी रहना चिंताजनक है। हालांकि एनएमसी में राज्यों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने वाले संशोधन की वजह से इसे फिर से लोक सभा से पारित करना होगा। इसलिए अभी कानून बना नहीं है, पर लोक सभा मे इसके दोबारा पारित होने में कोई समस्या नहीं है। दरअसल, इस विधेयक में चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के नियमन के लिए भारतीय चिकित्सा परिषद (एससीआई) की जगह एनएमसी के गठन का प्रस्ताव है। इसके तहत एमबीबीएस के अंतिम वर्ष में एक अखिल भारतीय एग्जिट परीक्षा (नेक्सट) होगी जिसकी मेरिट के आधार पर पीजी में दाखिला मिलेगा। इसमें कम्युनिटी हेल्थ प्रोवाइडर का भी प्रस्ताव है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन-आईएमए से संबंधित डॉक्टरों को लगता है कि कम्युनिटी हेल्थ प्रोवाइडर के कारण झोला छाप को कानूनी जामा मिल जाएगा। इस सोच से सहमत होना कठिन है। दूसरा विरोध नेक्स्ट परीक्षा को लेकर है। इसे लेकर कई प्रकार के भ्रम हैं। अभी तक जो समझ आया है, उसके अनुसार एमबीबीएस के अंतिम वर्ष की परीक्षा पीजी के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। इसमें विदेश में मेडिसिन की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए स्क्रीनिंग की व्यवस्था भी की गई है। उन्होंने कहा कि एनएमसी में राज्यों का प्रतिनिधित्व रहेगा और निजी मेडिकल कॉलेज की मंजूरी में राज्यों का दखल पहले की तरह बना रहेगा। बावजूद यदि आईएमए को कुछ संदेह है तो उनसे बातचीत करने में हर्ज नहीं है। कानून बनने पर भी उसमें थोड़ा-बहुत बदलाव हो सकता है। यह तो सच है कि एमसीआई के क्रियाकलाप पर लगातार गंभीर सवाल खड़े हुए हैं, भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं। इसमें पारदर्शिता का अभाव मिला है। अनेक हलकों से इसमें बदलाव की मांग हो रही थी। जाहिर है, चिकित्सा व स्वास्थ्य क्षेत्र में व्याप्त धांधली को समाप्त कर पारदर्शिता के बढ़ावा के लिए नई व्यवस्था की जरूरत तो थी। इसलिए एनएमसी को खारिज नहीं किया जा सकता। कुछ निहित स्वार्थी तत्वों के कारण अस्वीकार्य ढांचे को कायम नहीं रखा जा सकता। आरोप भी सही नहीं लगता कि इससे राज्यों की भूमिका खत्म हो जाएगी। एनएमसी में राज्यों का प्रतिनिधित्व रहेगा और 50 प्रतिशत सीटों पर राज्य सरकार का नियंत्रणभी कायम रहेगा।

# सुस्ती से बचाना होगा

**इस** समय देश में आर्थिक सुस्ती का चिंताजनक परिदृश्य दिखाई दे रहा है। हाल ही में 1 अगस्त को ख्याति प्राप्त रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष 2019-20 के लिए आर्थिक विकास दर का अनुमान 7.2 फीसदी से घटाकर 7 फीसदी कर दिया है। विकास दर में कमी के लिए क्रिसिल ने मॉनसून के पर्याप्त नहीं होने और नियंत्रत मंदी को प्रमुख कारण बताया है। इसी तरह पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान घटाकर सात फीसद कर दिया है। बैंक ऑफ अमेरिका मेरिल लिंच, कोटक महिंद्रा बैंक जैसे वित्तीय संस्थानों की शोध एजेंसियों ने भी पिछले दिनों भारत की आर्थिक विकास दर में कमी आने का आकलन किया है। इसी तरह, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी वृद्धि दर अनुमान घटाकर सात फीसदी कर दिया है। यह भी उल्लेखनीय है कि देश के शेयर बाजार में भी गिरावट का दौर है। इतना ही नहीं वित्त मंत्रालय के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2019-20 के जुलाई माह में जीएसटी संग्रह में मात्र 5.8 फीसद की वृद्धि हुई है जो लक्षित अनुमान से बहुत कम है। इस तरह विकास दर घटने के विभिन्न अनुमानों पर चिंताएं इसलिए भी जरूरी हैं, क्योंकि अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर कई मुश्किलें दिखाई दे रही हैं। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में चार वर्षों की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज हुई है।

ऑटोमोबाइल सेक्टर में मंदी के हालात हैं। बाजार में सुस्ती छाई हुई है। निश्चित रूप से वर्ष 2018 से भारतीय अर्थव्यवस्था को जो आर्थिक सुस्ती की विरासत मिली है, वह सुस्ती अभी कम नहीं हुई है। वर्ष 2018 में देश के आर्थिक परिदृश्य पर तेजी से बढ़ती हुई चार अहम आर्थिक चुनौतियां संपूर्ण अर्थव्यवस्था को चिंतित करते हुए दिखाई दीं। एक, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें आर्थिक संकट को बढ़ाते हुए दिखाई दीं। दो, डॉलर की तुलना में रुपये की कीमत में करीब 20 फीसद की वृद्धि हुई। रु पये की तुलना में अमेरिकी डॉलर का मूल्य 70 रुपये पर पहुंच गया। परिणामस्वरूप रु पये की घटती हुई कीमत और महंगाई बढ़ने से अर्थव्यवस्था की परेशानियां बढ़ीं। तीन, देश का राजकोषीय घाटा तेजी से बढ़ा और चार, आयात बढ़ने और निर्यात पर्याप्त नहीं बढ़ने से विदेशी मुद्रा कोष में कमी आई। गौरतलब है कि जीएसटी संबंधी मुश्किलों के कारण भी भारतीय अर्थव्यवस्था की मुश्किलें बढ़ी हैं। हाल ही में 30 जुलाई को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने संसद में 2017-18 के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पर पेश अपनी रिपोर्ट में कहा कि जीएसटी संबंधी खामियों के कारण पहले साल



के दौरान जीएसटी कर संग्रह सुस्त रहा। इस रिपोर्ट में कहा गया कि जीएसटी लागू होने के बाद इससे केंद्र के राजस्व (पेट्रोलियम और तंबाकू पर केंद्रीय उत्पाद कर छोड़कर) में 2017-18 के दौरान वित्त वर्ष 2016-17 की तुलना में 10 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई। सीएजी ने रिपोर्ट में राजस्व विभाग, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) और जीएसटी नेटवर्क की असफलताएं रेखांकित कीं।

रिपोर्ट में कहा गया कि रिटर्न व्यवस्था और तकनीकी व्यवधान की जटिलता की वजह से बिल मिलान, रिफंड के ऑटोजनरेशन तथा जीएसटी कर अनुपालन व्यवस्था संबंधी भारी कमियां सामने आई हैं। सचमुच इस समय आर्थिक सुस्ती के बीच सरकार के सामने सबसे पहली चुनौती अर्थव्यवस्था को तेजी देने की है। इसलिए मोदी सरकार को आर्थिक वृद्धि को पटरी पर लाने के लिए नई रणनीति बनाना होगी। नई रणनीति के तहत आर्थिक वृद्धि को बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाना होगा। नियंत्रण कारोबार में वृद्धि करना होगी। टैक्स के प्रति मित्रवत कानून को नई राह देना होगी। जीएसटी को सरल तथा प्रभावी बनाना होगा। श्रम सुधारों को लागू किया जाना होगा। ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की आवक सुनिश्चित करना होगी। निर्यात में सुधार और विनिर्माण को आगे बढ़ाने की रणनीति बनाना होगी। डिजिटलीकरण जैसे नीतिगत प्रयासों को तेजी से आगे बढ़ाना होगा। ग्रामीण विकास, सड़क निर्माण, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को गतिशील करना होगा। इसके लिए मोदी सरकार को अधिक संसाधन भी जुटाने होंगे। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए वर्ष 2019-20 के बजट में एक लाख करोड़ रु पये के विनिवेश का जो लक्ष्य रखा गया है, उसको पाने के लिए भरपूर प्रयास करना होगा।

निश्चित रूप से उद्योग-कारोबार को गतिशील करने के लिए मोदी सरकार को उपभोग और क्रय शक्ति बढ़ाने की रणनीति पर आगे बढ़ना होगा। बाजार और अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक और वित्तीय नीतियों में निरंतरता जरूरी होगी। ऐसे में ऋण बाजार के दबाव को दूर करना मोदी सरकार और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के एजेंडे में शामिल किया जाना होगा। आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में और कटौती करने और अर्थव्यवस्था में और अधिक नकदी का प्रवाह बढ़ाने की जरूरत है क्योंकि इससे आर्थिक चक्र को पटरी पर लाया जा सकेगा। नियंत्रत सुस्ती के बीच रोजगार बढ़ाना सरकार की एक बड़ी चुनौती है। निश्चित रूप से नियंत्रण सुस्ती और निर्यात की चुनौतियों के बीच निर्यात मौकों को मुट्ठियों में लेने के लिए हमें रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। देश में निर्यातकों को सस्ती दरों पर और समय पर कर्ज दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी होगी। चूंकि पिछले कुछ सालों में निर्यात कर्ज का हिस्सा कम हुआ है। ऐसे में किफायती दरों पर कर्ज सुनिश्चित किया जाना जरूरी होगी। सरकार द्वारा अन्य देशों की गैर शुल्कीय बाधाएं, मुद्रा का उतार-चढ़ाव, सीमा शुल्क अधिकारियों से निपटने में मुश्किल और सेवा कर जैसे निर्यात को प्रभावित करने वाले कई मुद्दों से निपटने की रणनीतिक जरूरी है। कर प्रक्रियाओं को सहज बनाना आवश्यक है। निर्यातकों को टैक्स क्रेडिट मुहैया कराने के पहले अत्यधिक जांच-परख से बचाना होगा। निर्यातकों को जीएसटी के तहत रिफंड संबंधी कठिनाइयों को दूर करना होगा, निर्यातकों के लिए ब्याज सब्सिडी बहाल की जानी होगी।हम आशा करें कि मोदी सरकार आर्थिक सुस्ती से गुजर रहे वर्ष 2019 को विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने के लिए नए रणनीतिक कदमों के साथ आगे आएगी। ऐसा होने पर ही भारत 2025 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के सपने को साकार कर पाएगा।

## निर्भार रहना

**जीवन** को जीने के दो ढंग हैं। संघर्ष का एक ढंग है और दूसरा समर्पण का। संघर्ष का अर्थ है, मेरी मर्जी समग्र की मर्जी से अलग। समर्पण का अर्थ है, मैं समग्र का एक अंग हूं। मैं अगर अलग हूं, संघर्ष स्वाभाविक है। मैं अगर इस विराट के साथ एक हूं, समर्पण स्वाभाविक है। संघर्ष लाएगा तनाव, अशांति, चिंता। समर्पणः शून्यता, शांति, आनंद और अंततः परम ज्ञान। संघर्ष से बढ़ेगा अहंकार, समर्पण से मिटेगा। संसारी वही है जो संघर्ष कर रहा है। धार्मिक वही है जिसने संघर्ष छोड़ा और समर्पण किया। मंदिर, गुरुद्वारे, मस्जिद जाने से धर्म का कोई संबंध नहीं। अगर तुम्हारी वृत्ति संघर्ष की है, अगर तुम लड़ रहे हो परमात्मा से, अगर तुम अपनी इच्छा पूरी कराना चाहते हो-चाहे प्रार्थना से ही सही, पूजा से ही सही-अगर तुम्हारी अपनी कोई इच्छा है, तो तुम अधार्मिक हो। जब तुम्हारा अपनी कोई चाह नहीं, जब उसकी चाह ही तुम्हारी चाह है। जहां वह ले जाए वही तुम्हारी मंजिल है, तुम्हारी अलग कोई मंजिल नहीं। जैसा वह चलाए वही तुम्हारी गति है, तुम्हारी अपनी कोई आकांक्षा नहीं। आकाश में कभी देखें! चील बहुत ऊंचाई पर उठ जाती है। फिर पंख भी नहीं हिलाती। फिर पंखों को फैला देती है और हवा में तिरती है। वैसी ही तिरने की दशा जब तुम्हारी चेतना में आ जाती है, तब समर्पण। अगर तुम पूरी तरह संघर्ष छोड़ दो तो तुम्हारी वही ऊंचाई है, जो परमात्मा की। ऊंचाई का एक ही अर्थ है-निर्भार हो जाना। और अहंकार पत्थर की तरह लटका है तुम्हारे गले में। ऐसा हुआ कि नानक एक गांव के बाहर आ कर ठहरे। गांव सूफियों का गांव था। खबर मिली सूफियों के गुरु को, तो उसने सुबह ही सुबह नानक के लिए एक कप में भर कर दूध भेजा। दूध लबालब था। एक बूंद भी और न समा सकती थी। नानक गांव के बाहर ठहरे थे एक कुएं के तट पर। उन्होंने पास की झाड़ी से एक फूल तोड़ कर उस दूध की प्याली में डाल दिया। फूल तिर गया। फूल का वजन क्या! उसने जगह न मांगी। वह सतह पर तिर गया और प्याली वापस भेज दी। नानक का शिष्य मरदाना बहुत हैरान हुआ कि मामला क्या है? उसने पूछा कि मैं कुछ समझा नहीं। यह हुआ क्या? नानक ने कहा कि सूफियों के गुरु ने खबर भेजी थी कि गांव में बहुत ज्ञानी हैं, अब और जगह नहीं। मैंने खबर वापस भेज दी है कि मेरा कोई भार नहीं है। मैं जगह मांगूंगा ही नहीं, फूल की तरह तिर जाऊंगा।

## एक रियल स्टेट कंपनी के 40 ठिकानों पर छापेमारी

# 700 करोड़ की टेक्स चोरी का खुलासा




**संवाददाता**

**मुंबई।** शहर की एक नामी रियल स्टेट कंपनी के 40 ठिकानों पर शुक्रवार को आयकर विभाग ने छापा डाला था। शनिवार को विभाग की ओर से खुलासा किया गया है कि इस छापेमारी में उन्हें 700 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का पता चला है। यह छापे अभी भी चल रहे हैं। आयकर विभाग के लिए नीतियां बनाने वाले सर्वोच्च निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान जारी कर कहा कि 29 जुलाई को मुंबई और पुणे में रीयल एस्टेट से जुड़े एक प्रमुख समूह के ठिकानों पर छापा मारकर तलाशी ली गयी। हालांकि, इस बयान में समूह की पहचान जाहिर नहीं की गयी है। सीबीडीटी ने कहा कि तलाशी के दौरान विभाग को वाणिज्यिक और आवासीय ब्लॉकों की बिक्री पर धन प्राप्ति के सबूत मिले हैं। इसके अलावा फर्जी असुरक्षित ऋण लेने, फर्जी दीर्घावधि पूंजीगत लाभ और कई अन्य लेन-देन में हेरफेर कर करीब 700 करोड़ रुपये की टैक्स की चोरी की गई। बताया जा रहा है कि तलाशी में अजीब-गरीब लेनदेन की गुत्थी को पकड़ा जिसमें खातों में हेरफेर करके 525 करोड़ रुपये की आय को गायब कर दिया गया। वहीं आवासीय एवं वाणिज्यिक ब्लॉकों की बिक्री से 100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्राप्त की गई। इसके अलावा तलाशी में 14 करोड़ रुपये के आभूषण भी पकड़े गए हैं।

## सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने गोंदिया में किया रोड शो

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने रविवार को अपनी महा जनादेश यात्रा के दौरान गोंदिया में रोड शो किया। अमरावती में गत वीरवार को महा जनादेश यात्रा में फड़नवीस ने कहा था कि कोई भी सरकार पांच साल में सभी समस्याओं को समाप्त नहीं कर सकती है, लेकिन मैं यह दावा कर



सकता हूं कि पिछली सरकार ने 15 साल में जो भी किया, हमने पांच साल में उससे दोगुना से अधिक किया। मैं विपक्ष को चुनौती देता हूं कि वे पिछले 15 वर्षों में विकास पर चर्चा करें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और देवेंद्र फड़नवीस ने अमरावती में महा जनादेश यात्रा में शिरकत की। राजनाथ ने कहा कि कोई कह रहा था कि हमें इस बार 200 से अधिक सीटें जीतनी हैं, लेकिन अगर भाजपा और शिवसेना एक साथ चुनाव लड़ती हैं, तो हमें 250 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखना चाहिए और देवेंद्र फड़नवीस फिर से सीएम होंगे।

# सेल्फी के चक्कर में 100 फीट खाई में गिरा युवक



## रस्सी के सहारे किया गया रेस्क्यू

**संवाददाता**

**पुणे।** भारी बारिश के दौरान यहां लोनावाला की पहाड़ियों पर घूमने गया एक युवक सेल्फी लेने के दौरान गिर गया। वह टाइगर पॉइंट से नीचे 100 फीट गहरी खाई में गिर पड़ा। हालांकि, इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद उसकी जान बच गई। जानकारी के मुताबिक, निलेश भागवत (27) अपने दोस्तों के साथ यहां घूमने आया था। पैर फिसलने की वजह से निलेश खाई में जा गिरा। उसे खाई में गिरते हुए कुछ स्थानीय लोगों ने देख लिया और बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। युवक का रेस्क्यू करने के लिए सिपाही भूषण कुंवर, मयूर अबनावे और हनुमंत शिंदे भी खाई में उतरे। करीब एक घंटे के प्रयास के बाद युवक को रस्सी के सहारे रेस्क्यू कर खाई से बाहर निकाला।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**मुंबई में बारिश का कहर**

सांताक्रूज में मिलन सब-वे और पालघर के नालासोपारा में घरों में पानी घुसा। सेंट्रल रेलवे ने रविवार को बताया कि सायन और कुर्ला के बीच रेलवे ट्रैक डूब गया। कई ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। शनिवार को भी लोकल सेवा बाधित होने से हजारों यात्री स्टेशनों पर घंटों तक फंसे रहे। मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले कुछ दिनों तक मुंबई समेत कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश जारी रहेगी। बीएमसी ने रविवार दोपहर हाई टाइड का अनुमान जताते हुए लोगों को समुद्र किनारे न जाने की सलाह दी है। इस मानसून सीजन में करीब 2 महीने बाकी हैं। लेकिन सीजन के 45 दिन में 89% बारिश हो चुकी है। इस दौरान मुंबई में 2,200 मिमी से अधिक बारिश हुई। सेंट्रल रेलवे ने कहा है कि भारी बारिश से मुंबई के उपनगरीय सेंट्रल रेलवे के अलग-अलग हिस्सों में ट्रैक पर जल जमाव हो गया। सायन और कुर्ला के बीच ट्रेन सेवा सुबह से रोकी गई। जबकि, हार्बर लाइन तड़के 4.45 बजे से बंद है। कल्याण स्टेशन पर भी पानी जमा है। ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित होने से रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ है। यात्रियों को राहत देने के लिए बीएमसी ने कई स्कूल खोल दिए हैं। सीएसएमटी स्टेशन के पास बोरा बाजार, दादर में भवानी शंकर रोड और कुर्ला के मोरेश्वर पाटनकर स्कूल में यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। बीएमसी उन्हें चाय-पानी और नाश्ता उपलब्ध करा रहा है। उत्तर कोकण इलाके में फिलहाल बारिश से निजात मिलने के संकेत नहीं दिख रहे हैं। मौसम विभाग ने 5 अगस्त तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। ठाणे और पालघर में बारिश को लेकर रेड अलर्ट है। स्काईमेट के महेश पलावत ने कहा कि अगले 2 दिन तक बारिश से निजात नहीं मिलेगी।

**सियासी घमासान के बीच महबूबा मुफ्ती पर शिकंजा**

पत्र में आगे लिखा गया है, यह साफ करना जरूरी है कि इन नियुक्तियों के लिए क्या आपकी ओर से मौखिक या अन्य तरीके से हामी भरी गई। महबूबा मुफ्ती को यह नोटिस रविवार को मिला है। दूसरी ओर पीडीपी ने इस नोटिस पर गहरी नाराजगी जताई है और कहा है कि केंद्र की नीतियों का विरोध करने के कारण उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। महबूबा मुफ्ती का भी कहना है कि उन पर दबाव बनाया जा रहा है और जानबूझ कर भ्रष्टाचार के आरोप मढ़े जा रहे हैं। खबरों के मुताबिक, पूर्व में जम्मू-कश्मीर सरकार के अन्य मंत्रियों को भी इस बाबत नोटिस चस्पा किया जा सकता है।

**श्रीनगर में दर्जी की दुकान में धमाका**

यह घटना एक दर्जी की दुकान में हुई। बाद में सुरक्षा बलों और पुलिस की संयुक्त टीम ने इस दुकान की तलाशी ली जिसमें 15 हथगोले बरामद किए गए। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि धमाके के तुरंत बाद पुलिस और आर्मी की एक संयुक्त टीम घटनास्थल पर पहुंची और मौके का मुआयना किया जिसमें हथगोले बरामद हुए। दर्जी की दुकान में मृत शख्स का नाम अब्दुल हमीद बजाद है जो स्थानीय नागरिक है। हथगोले बरामद होने के बाद पुलिस ने दर्जी को गिरफ्तार कर लिया। इस दर्जी का नाम परवेज खवाजा है। हथगोले से उसके क्या संबंध हैं, पुलिस इस बारे में पूछताछ कर रही है। घटना की पुष्टि करते हुए एक अधिकारी ने कहा, ऐसा लगता है दुकान में रखे हथगोले में विस्फोट हो गया। अधिकारी ने कहा, पुलिस धमाके की जांच कर रही है। अधिकारी ने हथगोले की बरामदगी को बड़ी कामयाबी बताई है क्योंकि इस इलाके में आर्मी की मौजूदगी बड़े स्तर पर है। लिहाजा कोई बड़ी घटना होने से पहले ही कार्रवाई पूरी हो गई। यह वही इलाका है जहां जैश के आतंकियों के घुसपैठ करने की आशंका है और बीते दिन सेना ने पाकिस्तानी बैट जवानों और आतंकियों की घुसपैठ को नाकाम किया है।

**उन्नाव केस**

एक टीम कुलदीप के आवास पर भी पहुंची। इससे पहले शनिवार को सीबीआई ने सीतापुर जेल में उससे करीब 6 घंटे तक पूछताछ की थी। इस दौरान कुलदीप के मिलने वाले लोगों की लिस्ट भी खंगाली गई। सीबीआई टीम शनिवार को तीसरी बार हादसे वाली जगह पर निरीक्षण के लिए पहुंची थी। घटनास्थल के पास के दुकानदारों के बयान दर्ज किए। पीड़िता की कार को टक्कर मारने वाले ट्रक के ड्राइवर और क्लीनर तीन दिन की रिमांड पर हैं। ट्रक मालिक देवेंद्र किशोर पाल भी रविवार सुबह लखनऊ स्थित सीबीआई दफ्तर पहुंचा। उसे सीबीआई ने पूछताछ के लिए तलब किया था। देवेंद्र का कहना है कि वह बेकसूर है। आरोपी विधायक से कोई वास्ता नहीं है और न ही वह पीड़िता या उसके परिवार में किसी को जानता है। सीबीआई ने सीतापुर जेल अधिकारियों से कुलदीप से मिलने वाले लोगों की वीडियो फुटेज मांगी हैं।







CMYK

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर 7

# तनाव के बीच तीन दिन के लिए जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जाएंगे गृहमंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली।** बीजेपी अध्यक्ष और गृह मंत्री अमित शाह संसद सत्र के बाद तीन दिन के कश्मीर दौरे पर जाएंगे। अमित शाह विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर कश्मीर में पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होंगे। अमित शाह कश्मीर घाटी के अलग-अलग जिलों के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। वहीं सदस्यता अभियान के लिए कार्यकताओं को ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने के लिए प्रेरित भी करेंगे।

अमित शाह कश्मीर के बाद इसी महीने विधानसभा चुनावों की तैयारियों के लिए दो दिन के जम्मू दौरे पर भी जाएंगे और वहां पर बूथ इंचार्ज की बैठक को संबोधित करेंगे। सूत्रों की मानें तो बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व कश्मीर घाटी में ज्यादा से ज्यादा विधानसभा सीटें जीतने के लिए रणनीति बना रहा है। संसद का सत्र 7 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने 7 अगस्त तक संसद सत्र बढ़ाने का फैसला किया है। केंद्र सरकार ने तीन तलाक समेत अन्य बिलों को इसी सत्र में पास करवाने के लिए संसद सत्र बढ़ाने का फैसला लिया था। वैसे यह सत्र 26 जुलाई को खत्म हो रहा था।



गौरतलब है कि कश्मीर घाटी में बड़े पैमाने पर सुरक्षाबलों की तैनाती ने महबूबा मुफ्ती समेत घाटी के दूसरे नेताओं की नींद उड़ा दी है। उन्हें आशंका है कि घाटी में कुछ बड़ा होने वाला है। महबूबा मुफ्ती ने रात को ही सज्जाद लोन और राज्यपाल सत्यपाल मलिक से मुलाकात की।

महबूबा मुफ्ती ने कहा था कि हमने राज्यपाल सत्यपाल मलिक जी से मुलाकात की और उनसे अफवाहों को दूर करने का अनुरोध किया, जिसकी वजह से घाटी में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी BAT (बॉर्डर एक्शन टीम) की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम कर दिया। आतंकियों के साथ मुठभेड़ में भारतीय सेना ने 5 से 7 पाकिस्तानी सेना के BAT कमांडो/आतंकी को मार गिराया।

भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर मारे गए आतंकियों के शव ले जाने का प्रस्ताव भेजा है। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को शवों को ले जाने के लिए सफेद झंडे के साथ आने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि पाकिस्तान की तरफ से अभी तक कोई जवाब नहीं आया है।

# सावन की घनघोर बरसात में वसई में संपन्न कजरी महोत्सव



**मुंबई।** सावन चल है जो इस भीषण तपिश से राहत ही नहीं प्रदान कर रहा है, बल्कि अपनी मखमली हरियाली से मन मयूर को नाचने के लिए विवश कर दे रहा हैं और फिर सावन नाम आते ही कजरी गीतों का उनसे जुड़ जाना स्वाभाविक ही है। गाँवों में जब युवतियाँ सावन में पेड़ों पर झूला झूलते समय समवेत स्वर में कजरी गाती है, तो ऐसा लगता है कि सारी धरती गा रही हैं, आकाश गा रहा है, प्रकृति गा रही है। न केवल मानव प्रभावित है बलकि समस्त जीव-जन्तु भी सावन की हरियाली व घुमड़-घुमड़ कर घेर रहे बादलों की उमंग से मदमस्त हो जाते हैं। लोक साहित्य की एक सशक्त विधा है- लोकगीत। संवेदनशील हृदय की अनुभूतियों की संगीतात्मक-भावाभिव्यक्ति ही लोकगीत है, जिसका उद्भव लोक जीवन के सामूहिक क्रिया-कलापों, सामाजिक उत्सवों, रीतिरिवाजों, तीज-त्यौहारों इत्यादि से हुआ। लोकगीतों की परम्परा मौखिक है तथा पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती जाती है। इन लोक गीतों में जहाँ अपने अपने युग का सच छुपा है, वहीं उसमें मानव जाति की स्मृतियां, जीवन-शैली, सुख-दुःख, संघर्षों की गाथायें और जीवन के प्रेरक तत्व छुपे हुए हैं।

वसई-विरार शहर का लगातार विकास और इसमे उत्तर भारतियों की बढ़ती भागीदारी में केवल एक ही बात की कमी थी वह थी उत्तर भारत की सांसकृतिक छटा। इस शून्य को भरने के लिए संस्कार भारती प्रतिष्ठान ने आज से १० वर्ष पूर्व अभियान मुंबई के सहयोग से कजरी महोत्सव की शुरूआत की थी। इसमे उत्तर भारत के मशहूर सावन की रिमझिम में गाये जाने वाले लोक गीतो के अलावा, झूला, गजरा, मेहँदी वगैरह सब होता है। १० वर्ष पूर्व लगाया गया एक छोटा सा पौधा आज जनता के सहयोग से बरगद का रूप ले चुका है । शुरू में एक छोटे से हाल से शुरू किया गया यह महोत्सव इस वर्ष वसई पूर्व के रिजेन्सी बेंकवेत वाताकुलित हाल में रविवार दिनांक ४ अगस्त २०१९ संपन्न हुआ। घनघोर बरसात के बीच ५०० दर्शकों से खचाखच भरे हाल में इस वर्ष लोकगीत गायक : श्री सुरेश शुक्ला (मुंबई) व सु श्री राधा मोर्य (बनारस) कार्यक्रम में गीतों की छटा बिखेर कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के उद्घाटक थे श्री अमरजीत मिश्रा (राज्य मंत्री ,महासचिव भाजपा मुंबई व अध्यक्ष अभियान), श्री नवीन दुबे (शिवसेना नेता) जिन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढाया। कार्यक्रम के संयोजक अखिलेश चन्द्र मिश्रा (सचिव -भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा, महाराष्ट्र) एवं सह संयोजक अशोक भाटिया, महेंद्र जोशी, संजीव दिवेदी, रीता राधेश्याम शुक्ला, रामनारायण तिवारी ने लोगों को भारी संख्या मे आकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनता का आभार माना।

# "शीशा स्काई लाउंज 2.0, ओपन चाइना हाई एनर्जी बार" का हुआ अनावरण











**मुंबई।** एड्रेसः पटेल वाड़ी, जुहू चरच रोड, ऐ बी रोड, नियर होरीजों होटल, जुहू, मुंबई।

**हाइलाइट्स :**

१. अली रजा आब्दी के स्वामित्व में
२. दो स्तर - शीशा स्काई लाउंज, ओपन चाइना- हाई एनर्जी बार
३. शीशा स्काई लाउंज- भारतीय व्यंजन
४. ओपन चाइना- हाई एनर्जी बार- कैंटोनीज भोजन
५. सभी आकार और आकारों में शराब के विभिन्न ब्रांड विशेष रूप से क्यूरेटेड मेनू में गैस्ट्रोनोमिक प्रसन्नता का आनंद लेने के लिए
६. विशाल स्थान.

२ अगस्त, २०१९ - मुंबई वासियों के लिए गैस्ट्रोनॉमी यात्रा और
चाइनीस व्यंजनों में सर्वश्रेष्ठ अनुभव करें शीशा स्काई लाउंज 2.0, ओपन चाइना- हाई एनर्जी बार।

लॉन्च में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य - हाजी अरफत शेख की उपस्थिति देखी गई। वह महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्यक आयोग (कैबिनेट मंत्री का दर्जा) के अध्यक्ष और महाराष्ट्र राज्य मुस्लिम खटीक समाज इकाई के अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।

आदित्य पंचोली, नीलेश सिंह, दीपक सिंह, गुलफाम खान, मुकेश ऋषि, कवल शर्मा, तनुज गर्ग, पारस कलनावत, आसिफ मर्चेंट, बरखा सेनगुप्ता, निवेदिता बासु, संजय गगनानी, प्रिया पाटीदार, आकांक्षा जिंदल, जैन इमान, अभिषेक बजाज, नील मोटवानी और विंध्य तिवारी, जसवीर कौर, शेरा, ललित पंडित, शांतिप्रिया, संजय छेल, प्रशांत

वीरेंद्र शर्मा, मिताली नाग, रोमिल चौधरी, हंसा सिंह, आदित्य सिंह राजपूत, रोमा नावानी, अर्शी खान और कई और उपस्थित हुए थे।

यदि आप शहर का एक हिस्सा हैं
भोजन और पेय के साथ प्रयोग करना चाहते हैं तो शीशा स्काई लाउंज, ओपन चाइना- हाई एनर्जी बार यह जगा देखने के लायक है।

शीशा स्काई लाउंज, ओपन चाइना- हाई एनर्जी बार के मालिक अली रजा आब्दी कहते हैं शीशा स्काई लाउंज, ओपन चाइना- हाई एनर्जी बार का उद्देश्य मुंबई के निवासियों को एक सुखद, सुखद वातावरण में गुणवत्तापूर्ण मनोरंजन प्रदान करना है। हमें अपने मेहमानों को यह साबित करना होगा कि असाधारण सेवा अभी भी उपलब्ध है और एक मनोरंजन अनुभव के हिस्से के रूप में उम्मीद की जानी चाहिए। हम यह कहते हुए असाधारण सेवा के अनुभव पर जोर देते हैं कि सभी
अतिथि स्वयं का आनंद लें, हम दोहराने के कारोबार के माध्यम से
बाजार में हिस्सेदारी को सुरक्षित करेंगे।

खाना पानी की बात करे थो -
शीशा स्काई लाउंज में शानदार रसोई के साथ भारतीय व्यंजनों का एक विस्तृत मेनू है। ओपन चाइना- हाई एनर्जी बार प्रगतिशील आकर्षक चाइनीस भोजन बनाने के लिए एक गहरी शोधित पारंपरिक रहस्यमय प्राचीन नुस्खा रहस्य परोसता है। पूरे पेटू में बड़े पैमाने पर घूमने वाले ट्विस्ट दोनों शीशा स्काई लाउंज, ओपन चाइना- हाई एनर्जी बार बनाते हैं सबसे स्वादिष्ट दुर्लभ मेनू जिसे कभी-कभी स्वादिष्ट कैटरेड भोजन, फिंगर फूड, कॉम्बो भोजन और बहुत कुछ शामिल किया गया है।

दुर्लभ और विशिष्ट पेय बनाने के लिए कॉकटेल और मॉकटेल रेंज भी बेहद राजसी स्वाद और समकालीन मिश्रण के बीच अनएक्समप्लड प्रयोगों से खोदी गई हैं।

माहौल -
सूक्ष्म विस्तार और विंटेज वाइब्स के साथ युग्मित अच्छी तरह से जलाए गए डिकर्स और अंदरूनी को परिभाषित करने वाले कच्चेपन और शोधन दोनों शीश स्काई लाउंज, ओपन चाइना- हाई एनर्जी बार दोनों में अंतिम अनुभव को जोड़ते हैं। दोनों गुणों के मालिक मेहमानों की मनोदशा के अनुसार दो अलग-अलग स्थानों की पेशकश करते हैं। एक बड़ी अच्छी तरह से जलाया और अच्छी तरह से किया हाई एनर्जी बार निजी पार्टियों और रात्रिभोज के लिए एक अलग खंड के साथ ओपन चाइना के स्थान पर हावी है।

इसे सही मायनों में जनता और वर्गों के लिए एक संयुक्त स्थान कहा जा सकता है।

अत्याधुनिक सजावट और शहर के नए खुले लाउंज में समकालीन माहौल पृष्ठभूमि के लिए लक्जरी अनुभव करेंगे, एक सच्चे मनोरंजन स्थल की आवश्यकता को पूरा करते हुए ऑडियो, लाइटिंग और वीडियो सिस्टम से लैस होगा।

सत्कार :
स्टाफ द्वारा गर्मजोशी से स्वागत मेहमानों को उनके पहले कुछ पल सुकून देता है, यह उपभोक्ता को आतिथ्य सेवाओं का उच्चतम स्तर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। लाउंज का उद्देश्य उनके लिए एक आला बनाना और गुणवत्ता, दक्षता और सेवा में नए मानक स्थापित करना है।

# वीएसटीएफ द्वारा जागतिक स्तनपान सप्ताह का आयोजन

**मुंबई।** पोषण भारत कार्यक्रम और 'विश्व स्तनपान सप्ताह' अभियान व्हीएसटीएफ, रॅकेट बेंकैझर, प्लॅन इंडिया के सहयोग से पूरे महाराष्ट्र के जिले में सुरु हो गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माँ और बच्चे के पोषण की स्थिति में सुधार करना है। पोषण भारत कार्यक्रम को स्वास्थ्य और एकीकृत बाल विकास सेवा विभाग (ICDS) द्वारा प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। साथ ही कुपोषण को कम करने और माताओं को अच्छे स्वास्थ्य में रखने के लक्ष्य के तहत 1 अगस्त से 7 अगस्त 2019 तक प्रत्येक गाँव स्तर पर विश्व स्तनपान सप्ताह अभियान का आयोजन किया जाएगा।

स्तनपान सप्ताह अभियान में प्रभात फेरी, ग्राम स्तर पर स्तनपान और गर्भवती माताओं का एक समूह बनाना, बच्चे का पहला 3 दिन का सत्र - इस कार्यक्रम का उद्देश्य माँ के बच्चे के पहले 1000 दिनों को सशक्त बनाना और माँ की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार करना और स्वास्थ्य की गलतफहमी को रोकना है, पूरक आहार और पुनरीक्षण सत्र कार्यक्रम -विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतिम दिन आंगनवाड़ी में समीक्षा सत्र आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में, आंगनवाड़ी सेवक स्वास्थ्य और पोषण पर परामर्श पर एक विस्तृत नजर रखेंगे।

स्तनपान अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने में एक नए भविष्य के लिए सक्षम माता-पिता सक्षम बच्चे यह घोषणा की है। स्तनपान अभियान का उद्देश्य स्तनपान के महत्व पर जोर देकर माताओं को स्तनपान के बारे में सशक्त बनाना है। इसका उद्देश्य परामर्श के माध्यम से स्तनपान की गलतफहमी को रोकना और स्तनपान के लिए अनुकूल माहौल बनाकर स्तनपान को प्रोत्साहित करना भी है। साप्ताहिक स्तनपान अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए, व्हीएसटीएफ गांव के मुख्यमंत्री, ग्राम परिवर्तक, प्रेरक की भूमिका निभाएंगे, लेकिन आंगनवाड़ी सेविका इस अभियान में सबसे आगे है और वह इस कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करेगी।

इस विश्व साप्ताहिक अभियान में, प्रत्येक दिन एक कार्य प्रायोजित होता है। इस कार्यक्रम को आंगनवाड़ी सेवा के माध्यम से आंगनवाड़ी स्तर पर किया जाएगा। विश्व साप्ताहिक स्तनपान अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए, मुख्यमंत्री ग्राम परिवर्तक आंगनवाड़ी का दौरा करेंगे और आंगनवाड़ी सेवा के साथ कार्यक्रम का समन्वय करेंगे।

# जरूरतमंद और विशेष बच्चों को मुफ्त नोटबुक वितरण







**मुंबई।** साक्षर वेल्फेयर सोसायटी के संस्थापक श्री सौरभ जोशी और श्रीमती स्नेहा मालीपेडी ने ३६०० सिंगल लाइन नोटबुक ६०० जरूरतमंद और १७५ विशेष बच्चों को २८ जुलाई २०१९ को मुफ्त में वितरित किया। कॉन्सेंट्रिक्स मुंबई जिसने इस काम के लिए पूरे दिल से दान दिया, उसका गहरा धन्यवाद। इसे सफल बनाने के लिए युवा शक्ति फाउंडेशन टीम, श्री ताहिर खान, श्री मोहसिन मनियर, पार्षद श्रीमती सलमा अमलेकर और श्रीमती कमर जहाँ सिद्दीकी का भी दिल से शुक्रिया। मित्तल कॉलेज के एन. एस. एस. के युवा और गतिशील छात्रों के लिए एक विशेष धन्यवाद।

# ईरान में बंधक जहाज में फंसे भारतीयों की रिहाई के लिए कोशिश जारी: एस जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि ईरान में जब्त किए गए तेल टैंकर 'स्टेना इम्पेरो' पर फंसे 18 भारतीयों को जल्द रिहा कराने का काम तेजी से किया जा रहा है। तेहरान में हमारे दूतावास के अधिकारियों ने उन भारतीयों से मुलाकात की और उनकी सेहत सही है। विदेश मंत्री का कहना है कि हम इस मामले को हल करने के लिए ईरानी अधिकारियों के लगातार संपर्क में बने हुए हैं।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के। पलानीस्वामी ने शनिवार को विदेश मंत्री एस।जयशंकर से आग्रह किया कि वह ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा हिरासत में लिए गए तेल टैंकर 'स्टेना इंपेरो' पर सवार 18 भारतीय नाविकों को रिहा कराने का अधिकारियों को निर्देश दें। इसके बाद ही विदेश मंत्री ने इसकी जानकारी साझा की है। जयशंकर को लिखे एक पत्र में पलानीस्वामी ने कहा है कि चेन्नई में निवासी 27 वर्षीय आदित्य वासुदेवन और अन्य 22 नाविकों को तब हिरासत में ले लिया गया था, जब उनकी नौका जब्त कर ली गई। वर्तमान में कुल 18 भारतीय नाविक ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड की हिरासत में हैं। पलनीस्वामी का यह पत्र मीडिया को जारी किया गया है। पलानीस्वामी ने कहा है, ब्रिटेन में पंजीकृत तेल टैंकर 'स्टेना इंपेरो' में वासुदेवन तीसरे अधिकारी के रूप में काम करते हैं।

संयुक्त अरब अमीरात के फुजैरा से सऊदी अरब के जुबैल जाते वक्त होरमुज जलडमरूमध्य में तेल टैंकर को जब्त कर लिया गया। ईरान ने टैंकर एमटी रिआह पर सवार 12 भारतीय क्रू सदस्यों में से नौ को रिहा कर दिया है। ईरान ने इस टैंकर को होरमुज खाड़ी से 13 जुलाई को जब्त किया गया था। इसके साथ इस पर और दो अन्य जहाजों पर सवार अन्य भारतीयों को रिहा कराए जाने के प्रयास जारी हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# उन्नाव दुष्कर्म केसः सुप्रीम कोर्ट के निर्देश- पीड़िता और उसके परिजनों को सुरक्षा मिले

## उप्र सरकार 25 लाख मुआवजा दे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उन्नाव की दुष्कर्म पीड़िता की 12 जुलाई को चीफ जस्टिस को लिखी चिट्ठी पर गुरुवार को सुनवाई की। इस दौरान चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिए कि पीड़ित और उसके परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराई जाए। इसके अलावा अंतरिम राहत के तौर पर 25 लाख मुआवजा भी दिया जाए। कोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता से जुड़े सभी मामले दिल्ली ट्रांसफर करने के आदेश दिए। इसके अलावा सीबीआई को निर्देश दिया कि सड़क हादसे की जांच 7 दिन के भीतर और बाकी मामलों की सुनवाई 45 दिन के भीतर पूरी की जाए। पीड़िता 28 जुलाई को परिवार के साथ कार से उन्नाव से रायबरेली जा रही थी, जब एक ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में पीड़िता की मौसी और चाची की मौत हो गई। पीड़िता वेंटिलेटर पर है। सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि इस हादसे की जांच के लिए आपको कितना वक्त चाहिए। जब सॉलिसिटर जनरल ने एक महीने का वक्त मांगा तो चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा कि एक महीना नहीं, 7 दिन में जांच कीजिए। सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामले से जुड़े घटनाक्रमों पर भी नाराजगी जताई और कहा, इस देश में आखिर



हो क्या रहा है? कुछ भी कानून के हिसाब से नहीं हो रहा। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा- पीड़ित को अंतरिम राहत के तौर पर उत्तर प्रदेश सरकार 25 लाख रुपए मुआवजा दे। इसके अलावा पीड़ित, उसके वकील, पीड़ित की मां, उसके 4 भाई-बहनों, उसके चाचा और उन्नाव में बेहद करीबी रिश्तेदारों को सुरक्षा दी जाए। चीफ जस्टिस ने सुनवाई के दौरान पूछा कि पीड़िता की स्थिति अभी कैसी है। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि वह वेंटिलेटर पर है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि क्या उसे कहीं शिफ्ट किया जा सकता है? क्या उसे एयरलिफ्ट किया जा सकता है? हम एम्स से इस बारे में पूछ सकते हैं। डॉक्टरों ने बताया कि पीड़िता की हालत अभी नाजुक है। 12 जुलाई को चीफ जस्टिस गोगोई को लिखे गए पत्र में पीड़िता और उसकी मां ने सुरक्षा की गुहार लगाई थी। इसमें लिखा था- उन लोगों पर एक्शन लिया जाए, जो उसे धमकाते हैं। लोग घर आकर केस वापस लेने की धमकी देते हैं। कहते हैं कि अगर ऐसा नहीं किया तो झूठे केस में फंसाकर जिंदगीभर जेल में बंद करवा देंगे। हालांकि, यह चिट्ठी चीफ जस्टिस की जानकारी में नहीं लाई गई। बुधवार को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के सेक्रेटरी जनरल से इस बारे में सवाल किए। सेक्रेटरी जनरल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में हर महीने औसतन 5 हजार पत्र आते हैं। रजिस्ट्री को जुलाई में 6,900 लेटर मिले हैं। इनमें से 1,100 पत्र याचिकाएं थीं। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के मुताबिक इनकी स्क्रीनिंग की गई थी।

**2017 में दुष्कर्म हुआ था:** लड़की से 2017 में सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। आरोप है कि विधायक सेंगर और अन्य ने नौकरी दिलाने के बहाने लड़की से दुष्कर्म किया। पीड़िता उस वक्त नाबालिग थी। बाद में पीड़िता के पिता की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। आरोप है कि उसके पिता से विधायक ने ही मारपीट की थी। पिता की मौत के बाद पीड़िता ने लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह की कोशिश की थी। इसके बाद एसआईटी को जांच सौंपी गई थी। अभी जांच सीबीआई के पास है। इस बीच, बुधवार को भाजपा ने विधायक सेंगर को पार्टी से निष्कासित कर दिया। सेंगर अभी जेल में है।

**दुष्कर्म मामले में अब तक 5 एफआईआर:** सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामले की जानकारी ली। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि दुष्कर्म से जुड़े मामले में 4 एफआईआर हुई थीं। ये आरोपियों और पीड़ित पक्ष ने एकदूसरे के खिलाफ दर्ज कराई हैं। पांचवीं एफआईआर रायबरेली में हुए कार एक्सीडेंट से जुड़ी है। पांच में से तीन मामलों में चार्जशीट दायर हो चुकी है।

# कुलभूषण को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले के 12 दिन बाद मिलेगा कॉन्स्युलर एक्सेस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह भारत के पूर्व नेवी कमांडर कुलभूषण जाधव को कॉन्स्युलर एक्सेस उपलब्ध कराएगी। पाक ने यह फैसला अंतरराष्ट्रीय अदालत (आईसीजे) के फैसले के 11 दिन बाद लिया। अब भारतीय राजनयिक शुक्रवार से जाधव से मिल सकेंगे। आईसीजे ने 21 जुलाई को भारत के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कुलभूषण की फांसी पर रोक लगा दी थी। साथ ही पाक से उसे कॉन्स्युलर एक्सेस देने की मांग की थी। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा, हमें पाकिस्तान के कॉउन्सलर एक्सेस के प्रस्ताव मिला है। हम विचार करने के बाद



जवाब देंगे। हम इस प्रस्ताव का मुल्यांकन आईसीजे के फैसले के मुताबिक करेंगे। साथ ही इस मामले पर पाकिस्तान से कूटनीतिक तरीके से बात करेंगे। आईसीजे के फैसले के अगले दिन को पाक विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा था, आईसीजे के फैसले के तहत कमांडर कुलभूषण जाधव को विएना कन्वेंशन के आर्टिकल-36 के तहत कॉन्स्युलर एक्सेस से जुड़े उनके अधिकार समझा दिए गए हैं। एक जिम्मेदार देश के तौर पर पाक अपने कानून के मुताबिक ही कुलभूषण को कॉन्स्युलर एक्सेस मुहैया कराएगा। इसके लिए शर्तें तैयार की जा रही हैं। आईसीजे के 16 जजों ने 15-1 के बहुमत से कुलभूषण की फांसी की सजा निलंबित कर दी थी। कोर्ट के अध्यक्ष जस्टिस अब्दुलकावी अहमद यूसुफ ने कहा था कि जब तक पाकिस्तान प्रभावी ढंग से फैसले की समीक्षा और उस पर पुनर्विचार नहीं कर लेता, फांसी पर रोक जारी रहेगी।

### भारत ने कहा- जाधव को ईरान से किडनैप किया गया

भारत के मुताबिक, जाधव को ईरान से किडनैप किया गया। जाधव वहां नौसेना से रिटायर होने के बाद बिजनेस करने की कोशिश में थे। पाकिस्तान ने आईसीजे के समक्ष की गई भारत की याचिका को नकार दिया। इसमें भारत ने जाधव के लिए काउंसलर एक्सेस की मांग की थी।

# चुनाव से पहले केजरीवाल का ऐलान- 200 यूनिट तक बिजली बिल माफ



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चुनाव से पहले दिल्लीवासियों के लिए लुभावनी योजनाओं की घोषणा कर दी। केजरीवाल ने दिल्ली में 200 यूनिट तक के बिजली के बिल माफ कर दिए। उन्होंने कहा कि अब से दिल्ली में अन्य राज्यों की तुलना में सबसे सस्ती दर पर बिजली दी जाएगी। केजरीवाल ने बताया कि 201 से 400 यूनिट तक बिल पर 50% सब्सिडी दी जाएगी। दिल्ली में विधानसभा चुनाव अगले 6 महीनों के भीतर होना तय है। इससे पहले केजरीवाल ने दिल्ली में महिलाओं के लिए मेट्रो, डीटीसी और क्लस्टर बसों में फ्री यात्रा का ऐलान किया था। केजरीवाल ने जून में कहा था कि, इसी महीने से नई बसें आनी चालू हो जाएंगी। इस महीने 25 से 30 बसें आ जाएंगी। अगले 12 महीने के अंदर 3 हजार के आसपास बसें दिल्ली में आ जाएंगी। सभी बसों में कैमरे होंगे। इस योजना पर करीब 700-800 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह सारा खर्च दिल्ली सरकार ही उठाएगी।

# मनी लॉन्ड्रिंग: रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर मलविंदर और शिविंदर सिंह के ठिकानों पर ईडी के छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर भाइयों मलविंदर मोहन सिंह (45) और शिविंदर मोहन सिंह (43) के ठिकानों पर गुरुवार को छापे मारे। खबर के मुताबिक मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में यह कार्रवाई की गई है। दोनों पर रेलीगेयर एंटरप्राइजेज और फोर्टिस हेल्थकेयर में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप हैं। रेलीगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड ने पिछले साल दिसंबर में मलविंदर और शिविंदर के खिलाफ दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा से शिकायत की थी। इस साल मई में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। उन पर 740 करोड़ रुपए के फ्रॉड के आरोप हैं। इस मामले में संज्ञान लेते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था। मलविंदर-शिविंदर का जापान की दवा कंपनी दाइची सैंक्यो से भी विवाद चल रहा है। 4,000 करोड़ रुपए के भुगतान विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल में दोनों भाइयों से कहा था कि आदेश का उल्लंघन किया तो जेल भेज दिए जाएंगे। दाइची सैंक्यो आर्बिट्रेशन अवॉर्ड को लागू करवाने के लिए कोर्ट में लड़ रही है। सिंगापुर ट्रिब्यूनल में उसने 2016 में केस जीता था। दाइची ने 2008 में मलविंदर-शिविंदर सिंह से रैनबैक्सी को खरीदा था। बाद में उसने आरोप लगाया कि सिंह ब्रदर्स ने रैनबैक्सी के बारे में अहम जानकारियां छिपाईं। उसने सिंगापुर ट्रिब्यूनल में शिकायत की थी।

# टूरिस्ट के दिलों पर राज करता है यह खूबसूरत शहर South Africa

दुनियाभर में अपने एडवेंचर्स और प्राकृतिक सुदंरता के लिए फेमस दक्षिण अफ्रीका टूरिस्टों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसकी सुदंरता के कारण लोग इस शहर की ओर खिचे चले आते हैं। दक्षिण अफ्रीका आने वाले टूरिस्ट अपना सफर केपटाऊन शहर से शुरू करें तो उन्हें स्वच्छता और सुदंरता का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका को इंद्रधनुषी छटाओं वाला देश भी कहा जाता है। क्योंकि यहां आप इंद्रधनुष को करीब से देख सकते हैं। उत्तरी और पश्चिमी केपटाऊन की वादियों को फूलों से ढके देखना चाहते हैं तो यहां घूमने के वसंत ऋतु बिल्कुल परफेक्ट सीजन है।



दक्षिण अफ्रीका के जंगलों में आप अफ्रीकी हाथी, सबसे छोटा छुछुंदर, जिराफ, चीता, शुतुरमुर्ग, कोरी बस्टर्ड, चितकबरे गैंडे, हिप्पो और मगरमच्छ देख सकते हैं। अफ्रीका के इस शहर में अन्य जनजातियों के अलावा एशइयाई लोग भी बसे हुए है। इसमें 27 लाख लोग तो भारतीय है, जो बढ़िया बिजनेस चलाने के साथ अफ्रीका की आर्थिक स्थिति को भी मजबूत कर रहे हैं। भारतीय लोग होने के कारण आप यहां इंडियन फूड का मजा भी ले सकते हैं।

**शांत शहर है केपटाऊन**

दुनिया के सबसे निराले और खूबसूरत शहर केपटाऊन की अपनी अलग पहचान है। टूरिस्ट यहां ऊंचे पर्वतों, मनोरम समुद्री किनारों के साथ इस अनूठे शहर की मनमोहक तस्वीर का मजा ले सकते हैं। यहां के ऊंचे चपटे टेबल माऊंटेन, अंगूर के बगीचे और समुद्री तट आपके ट्रिप को और भी यादगार बना देंगे। यहां के ऊंचे पहाड़ों पर केबल कार से आप पूरे शहर की सुदंरता और वन्य जीवन को देख सकते हैं।

केपटाऊन को दक्षिण अफ्रीका का सबसे शांत शहर माना जाता है। यहां पर सबसे फेमस टेबल माऊंटेन है, जिसे आप पूरे केपटाऊन शहर के किसी भी कोने से साफ देख सकते हैं। शहर के बीच में स्थित विक्टोरिया एल्फ्रेड वाटरफ्रंट मस्ती और धूम-धड़ाका करने के लिए फेमस है। यहां पर बढ़िया रेस्टोरेंस, बार, म्यूजिक शॉप और बड़े एक्वेरियम भी है, जिसे आप देख सकते हैं।

केपटाऊन में रूकने के लिए आपको होटल, गैस्ट हाउस और होस्टल आराम से मिल जाएंगे। इस शहर के पश्चिम भाग में अटलांटिक महासागर के समुद्री तट पर भी ठहरने के लिए आपके बढ़िया जगह मिल जाएगी, जहां से आप खूबसूरत समुद्र देख सकते हैं। इसके अलावा आपको यहां पर ससस्ते कमरे के साथ टेस्टी खाना भी मिल जाएगा।

**जोहान्सबर्ग के बिना अधूरी है यात्रा**

सिटी ऑफ गोल्ड के नाम से मशहूर जोहान्सबर्ग साऊथ अफ्रीका की कमर्शियल राजधानी है और इसके बिना आपका ट्रिप अधूरा है। यहां की सनसिटी विश्व पर्यटन के लिए दुनियाभर में मशहूर है। वॉटर गार्डन, गोल्फ कोर्स, कैसिनो हाल, मैन मेड बीच, गैम्बलिंग हाल और इंडियन फूड के लिए मशहूर रेस्टोरेंट राज टूरिट्स के आकर्षण का केंद्र बने हुए है।

**ब्लोक्राम बंजी जंपिंग**

मध्य पश्चिम केपटाऊन पहुंचने के बाद हरमानस जाते हुए रास्ते में स्टोनी प्वाइंट पर पैगुईन को देखकर आप भी रोमांचित हो जाएंगे। हरमानस में व्हेल देखने वाली साइट जून से नवम्बर के बीच सबसे ज्यादा फुल होती है। इन महीनों में यहां पर्यटकों की भाड़ लगी होती है।

ब्लोक्राम में आप 216 मीटर की ऊंचाई से कूदकर पहाड़ों से बंजी जंपिंग का मजा भी ले सकते हैं। यहां से बंजी जंपिंग करना हर किसी के बस की बात नहीं। यहां से कूदने के लिए आपको बड़ी हिम्मत चाहिए होगी। विश्व की सबसे ऊंची बंजी जंपिंग के लिए ब्लोक्राम दुनियाभर में प्रसिद्ध है।

**समुद्र के बीचों-बीच शार्क डाइविंग का नजारा**

स्टोलनबोश से गांसबाई तक लंबी ड्राइव के बाद शार्क डाईविंग का नजारा भी देखने लायक होता है। यहां समुद्र की बीचो-बीच बोट को रोक कर डाईविंग करवाई जाती है। व्हाइट व्हेल को करीब से देखने के लिए आपको बोट के साथ लगे पिंजरे में जाना पड़ता है और फिर आप देख सकते हैं सुदंर व्हाइट व्हेल। यहां आपके खान-पान की व्यवस्था भी समुद्र के बीच में बोट पर ही की जाती है।

## मुंबई हलचल राशिफल

-आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेषः** नई योजना बनेगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। कुसंगति से बचें। लाभ होगा।

**वृषः** नेत्र पीड़ा हो सकती है, सावधानी रखें। तीर्थ दर्शन संभव है। सत्संग का लाभ मिलेगा। आय बढ़ेगी।

**मिथुनः** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। चिंता बनी रहेगी।

**कर्कः** शत्रु सक्रिय रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। वरिष्ठ जनों का सहयोग मिलेगा।

**सिंहः** शत्रु परास्त होंगे। सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होकर लाभ होगा।

**कन्याः** रोग, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**तुलाः** कष्ट, भय व तनाव का माहौल रहेगा। दुःखद सूचना मिल सकती है। भागदौड़ रहेगी। जोखिम न उठाएं।

**वृश्चिकः** प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनुः** शारीरिक कष्ट संभव है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमान आएंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**मकरः** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। मनोरंजक यात्रा होगी। लाभ होगा।

**कुंभः** पुराना रोग उभर सकता है। आगंतुकों पर अधिक व्यय होगा। दूसरों से अपेक्षा न करें, धैर्य रखें।

**मीनः** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। आय बढ़ेगी।

# Amazing Waterfall! बोट में बैठकर लें यहां के अद्भुत नजारों का मजा

दुनिया में देखने के लिए एक से बढ़कर एक खूबसूरत और प्राकृतिक झरनें मौजूद है। गर्मियों की छुट्टियों में ठंडक का मजा लेने के लिए आप भी किसी ऐसी जगह घूमने का प्लान बनाते हैं, जहां झरने, झीलें, नदी या समुद्र हो। ज्यादातर लोग गर्मियों की छुट्टियों में बोटिंग का मजा लेने चाहते हैं। ऐसे में आज हम आपको मोरक्को के एक खूबसूरत वॉटरफॉल के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां आप बोटिंग के साथ एडवेंचर का मजा ले सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इस खूबसूरत झरने के बारे में कुछ और मजेदार बातें।

मोरक्को का यह Ouzoud वॉटरफॉल किसी प्राकृतिक अजूबे से कम नहीं है। एटलस पर्वत की 360-फुट ऊंचाई से बहने वाले इस ओजौद फॉल्स में राफ्टिंग का मजा भी ले सकते हैं। इतना ही नहीं, यहां आप झरने के नीचे बने छोटी-छोटी गुफाओं में भी घूम सकते हैं।

इस झरने के पास एक रेस्टोरेंट ड्रॉप-ऑफ भी बना है, जिसमें आप टेस्टी खाने का मजा भी ले सकते हैं। इस झरने तक पहुंचने के लिए आपको रेगिस्तान पहाड़ियों के बीच से ड्राइव करके जाना पड़ता है, जोकि आपके ट्रिप को और भी मजेदार बना देता है।

इस झरने के पास का मौसम अच्छा हो या न हो लेकिन आपको यहां इंद्रधनुष देखने को जरूर मिलेगा। यहां पर बनने वाले इंद्रधनुष इसकी खूबसूरती को और भी बढ़ा देते हैं। झरने की पूरी जानकारी देने के लिए आप यहां घूमने के लिए आप साथ हमेशा एक गाइड रहता है।



आप यहां अलग-अलग ऊंचाइयों वाले लाल रंग की चट्टानों के प्राकृतिक एम्फीथिएटर में घिरे हुए टिस्ड कैस्केड भी देख सकते हैं। बारिश के मौसम में इस झरने का पानी गंदा होने के कारण यह ब्राउन रंग का दिखाई देने लगता है। इस झरने को देखने के लिए आपको कम से कम एक दिन का समय तो चाहिए ही होगा। अगर आप भी मोरक्को घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इस झरने को देखना न भूलें।

## वायरल वीडियो में बिल्ली खीरे से डर क्यों जाती है?

नेशनल ज्योग्राफिक के एक शोध में सोशल मीडिया पर सालों से वायरल होते वीडियोज का राज सामने आया है। इन वायरल फनी वीडियो में बिल्लियां अपनी पीठ के पीछे रखे खीरे को देख कर इतनी डर जाती हैं कि वो दुम दबा कर वहां से भाग खड़ी होती हैं। इस नजारे को देखकर सबको हंसी जरूर आती है और लोग समझते हैं कि बिल्लियां खीरे से डरती है, पर सच्चाई क्या वाकई सही है या कुछ और ही है। चलिए हम भी जाने कि मामला क्या है। इस बात को स्पष्ट करते हुए टेलीग्राफ वेबसाइट ने मशहूर एनिमल बिहेवियर विशेषज्ञ डॉक्टर रोजर मगफोर्ड ने काफी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिल्लियां बहुत ही ज्यादा जिज्ञासू होती हैं। वह हर नई चीज के बारे में बहुत गहराई से जानना चाहती हैं। इसीलिए खीरा देख कर उछल जाने वाली बिल्लियां ऐसा व्यवहार करती हैं।

## ये है रियल लाइफ स्पाइडर मैन जिसने चारमंजिला इमारत पर चढ़ बचाई बच्चे की जान

द गार्जियन की एक खबर के अनुसार इन दिनों फ्रांस में रियल लाइफ स्पाइडर मैन के चर्चे आम हैं। ये असल जिंदगी का स्पाइडर मैन पेरिस में एक प्रवासी के रूप में रहने वाला पश्चिमी अफ्रीकी देश माली का एक नागरिक 22 साल का युवक ममोदउ गास्सामा है। गास्सामा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें रविवार को वे शानदार तरीके से एक बच्चे को बचाते हुए दिखाई पड़ रहे है। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मिनट से भी कम समय में उन्होंने एक बालकनी से दूसरी पर चढ़ते हुए चार मंजिल पर लटके हुए बच्चे को पकड़ लिया। इसके बाद उसे पास वाले फ्लैट के एक पड़ोसी थमा दिया। उनके इस अभूतपूर्व साहस और कौशल का पूरा फ्रांस यहां तक कि वहां के राष्ट्रपति तक मुरीद हो गए हैं। गास्सामा ने पेरिस में इस बच्चे की जान बचाने के लिए अपनी जान की भी परवाह नहीं की, और वह इस चार मंजिला इमारत पर बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के चढ़ते चले गए। इसके बाद सोशल मीडिया पर गास्सामा का वीडियो वायरल हो गया और पेरिस में उन्हें एक हीरो की तरह देखा जा रहा है। उनके कारनामे को जानने के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमेनुएल मेक्रों भी उनसे मिलने के लिए उत्सुक हो गए। राष्ट्रपति ने उन्हें इलेसी पैलेस में बुलाया है और कहा है कि अब गास्सामा को फ्रांस की नागरिकता दी जाएगी।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कान के असहनीय दर्द को तुंरत दूर करते हैं ये नुस्खे

कान में दर्द होने पर काफी परेशानी होती है। सर्दी-जुकाम या किसी और वजह से कान में दर्द हो सकता है। कई बार तो यह पीड़ा काफी हल्की होती है लेकिन कई बार इससे काफी तेज दर्द होता है जिसे सहना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कुछ घरेलू उपाय अपनाकर इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

**1. लहसुन**

जब कान में तेज दर्द होने लगे तो लहसुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद एंटीबायोटिक और एंटीसेप्टिक गुण कान दर्द की समस्या को दूर करता है। इसके लिए थोडे-से सरसों के तेल में लहसुन की 2-3 कलियां डालकर गर्म करें और तेल जब ठंडा हो जाए तो 2-3 बूंदे कान में डाल लें।

**2.तुलसी का रस**

इसके लिए तुलसी की कुछ पत्तियों को पीसकर उनका रस निकाल लें और दिन में 2-3 बार इसे कान में डालने से दर्द दूर होता है।

**3.नीम**

कान दर्द होने पर नीम की पत्तियां भी काफी फायदेमंद होती हैं। इसके लिए नीम की कुछ पत्तियों को पीसकर उसका रस निकाल लें और उसकी 2-3 बूंदे कान में डालें। इसके अलावा नीम के तेल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**4.प्याज**


इसके लिए प्याज को कद्दूकस करके उसे एक पतले कपड़े में बांधकर पोटली बना लें और इसका रस निकाल लें। इस पोटली को रात को सोने से पहले कान के नीचे रखें। इससे कान दर्द में आराम मिलेगा।

**5. जैतून का तेल**

जैतून का तेल बालों के लिए तो फायदेमंद होता ही है, इसके अलावा यह कान दर्द होने पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए जैतून के तेल को हल्का गर्म करके 3-4 बूंदें कान में डालें।



# जिम छोड़ने से पहले जान लें इसके नुकसान



बदलते लाइफस्टाइल में हर कोई फिट और स्लिम दिखना पसद करता है। इसके लिए लोग घंटों जिम में अपना पसीना बहाते है लेकिन कुछ युवा ऐसे भी है जो अचानक से जिम बीच में ही छोड़ देते है। अचानक से बीच में जिम छोड़ देने से शरीर पर बुरा असर पड़ता है। अगर आप या आपका कोई नजदीकि संबंधी बीच में जिम छोड़ने का विचार बना रहा है तो इससे होने वाले नुकसान के बारे में भी जान लें।

**1. कमजोर मांसपेशियां**

जब आप अचानक से जिम छोड़ देते है तो इससे मांसपेशियां कमजोर होने लगती है और उनकी क्षमता में कमी आने लगती है। जाहिर सी बात है जब आप कड़ी मेहनत करने के बाद कोई काम अचानक से बीच में छोड़ देते है तो शरीर कमजोर पड़ने लगता है और उसकी काम करने की क्षमता भी कम होने लगती है।

**2. वजन बढ़ना**

इसका एक और नुकसान है कि वजन तेजी से बढ़ना शुरु हो जाता है। वर्कआउट करने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और कैलोरी बर्न होती है लेकिन जब हम अचानके से जिम करना छोड़ देते है तो वजन बढ़ने लगता है।

**3. फिटनेस में कमी**

जिम छोड़ने के 3 महीने के बाद ही फिटनेस लेवल बिगड़ जाता है। आपने यह बात काफी हद तक नोटिस भी की होगी। इसलिए बेहतर है कि जिम बीच में ही न छोड़े क्योंकि इससे आपकी फिटनेस भी खराब हो जाएगी।

**4. इम्यून सिस्टम**

जिम छोड़ने से इम्यून सिस्टम भी काफी खराब असर पड़ता है क्योंकि जिम करते समय तो लोग अपनी डाइट का खास ध्यान रखते है लेकिन जिम छोड़ देने से उनका डाइट प्लान भी बिगड़ जाता है जिससे इम्यून सिस्टम कमजोर होने लगता है।



# मिठास से भरे ये फल सेहत के लिए हैं बेस्ट

न्यूट्रिशियंस, मिनरल्स और विटामिन से भरपूर फलों का सेवन करने से शरीर में पोषक तत्वों की कमी पूरी हो जाती है। कुछ लोग फलों को इसलिए नहीं खाते क्योंकि इनमें मिठास बहुत ज्यादा होती है लेकिन एंटीऑक्सिडेंट के गुणों के कारण सेहत के लिए यह जरूरी भी बहुत है। वहीं कुछ फल ऐसे भी हैं जिनमें मिठास थोड़ी कम होती है लेकिन यह गुणों से भरपूर होते हैं। तो आइए जाने किस तरह खा सकते हैं कम और ज्यादा चीनी वाले फल।

**संतरा**

संतरा विटामिन सी से भरपूर होता है। इसका जूस निकालकर पीने की बजाए अगर ऐसे ही खाने से ज्यादा फायदा मिलता है। इसमें 11 ग्राम के करीब चीनी की मात्रा होती है।

**सेब**

सेब कई बीमारियों के लिए रामबाण है। इसमें मौजूद फाइबर पेट के लिए बहुत फायदेमंद है। इसका जूस पीने से अच्छा है कि इसे काट कर ही खाएं।

**रसभरी**

खाने में यह मीठी लगती है लेकिन आप इसे आराम से खा सकते हैं क्योंकि इसमें चीनी की मात्रा बहुत कम होती है। एक कप रसभरी में केवल 5 ग्राम चीनी ही होती है।

**एवोकाडो**

इसमें मौजूद फाइबर सेहत के लिए बहुत लाभकारी है। इसमें चीनी भी बहुत कम होती है।

**लीची**

लीची में मिठास बहुत ज्यादा होती है लेकिन इसमें कैल्शियम भी बहुत मात्रा में होता है। जो हड्डियों और दांतों के लिए बहुत जरूरी है। ये 136 मिलिग्राम कैल्शियम देती है।

**अंजीर**

अंजीर में फाइबर और पोटैशियम भरपूर होता है। इसके साथ ही इसमें मीठास भी होती है। इसके एक कप में 27 ग्राम के करीब चीनी होती है।

**आम**

आम को फलों का राजा माना जाता है। मीठास से भरपूर इस फल में विटामिन- ए भी भरपूर होता है। जो आंखों के लिए फायदेमंद है।

**चेरी**

लाल रंग का यह फल खाने से रात को

## मंहगी क्रीम से नहीं, इस फेसपैक से पाएं बेदाग त्वचा

चेहरे के साथ-साथ शरीर के बाकी अंगों का साफ होना बहुत जरूरी है। अक्सर लोग अपनी चेहरे की खूबसूरती की तरफ ध्यान देते हैं लेकिन अगर हाथ और पैर ही साफ न हो तो पर्सनैलिटी अधूरी लगती है। वहीं गर्मी और बरसात के मौसम में स्किन संबंधित कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है जैसे सनबन, एलर्जी और फंगस आदि। आज हम आपको एक आसान घरेलू तरीका बताने जा रहे है जिससे आप ग्लोइंग स्किन पा सकते है।

**जरूरत की चीजें**

- खीरे का रस
- आलू का रस
- 1/2 टीस्पून नींबू का रस
- टमाटर का रस

**बनाने और लगाने का तरीका**

सबसे पहले खीरे, टमाटर और आलू का रस मिलाकर अच्छे मिक्स कर लें। अब इसमें नींबू का रस डाले और अच्छे से मिलाएं। इस पैक को स्किन पर 30 मिनट के लिए लगाकर रखें। शाम के समय इस पैक को लगाने से अधिक फायदा मिलता है। इससे सनबन और खुले पोर्स बंद होने की समस्या से छुटकारा मिलता है।

# टॉटेनहैम ने ऑडी कप के फाइनल में बायर्न को हराया



## मैच में 15 गोल हुए, इनमें 11 पेनल्टी से

**नई दिल्ली।** इंग्लिश फुटबॉल क्लब टॉटेनहैम हॉट्सपर ने ऑडी कप के फाइनल में बायर्न म्यूनिख को पेनल्टी शूटआउट में हरा दिया। गुरुवार को हुए इस मैच में कुल 15 गोल हुए, जिसमें से 11 सिर्फ पेनल्टी से हुए। 90 मिनट में दोनों टीमों के बीच मुकाबला 2-2 से बराबर रहा था। इसके बाद हुए पेनल्टी शूटआउट में टॉटेनहैम ने बायर्न को 6-5 से हराया। वहीं, रियाल मैड्रिड को पिछले पांच मैच में पहली जीत मिली। स्पैनिश क्लब रियाल तुर्की के क्लब फेनरबासे को 5-3 से हराकर तीसरे नंबर पर रहा। मैच में टॉटेनहैम के लिए एरिक लामेला ने 19वें मिनट में पहला गोल करते हुए टीम को हाफटाइम में 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में फिर टॉटेनहैम के ही क्रिश्चियन एरिक्शन ने 59वें मिनट में गोल दागते हुए 2-0 की लीड कर दी। 61वें मिनट में बायर्न के जन-फियटे अर्प और फिर अल्फोन्सो डेविड ने 81वें मिनट में गोल करते हुए मैच को बराबर कर दिया। बुधवार को तीसरे नंबर के लिए हुए मैच में रियाल के स्टार खिलाड़ी करीम बेंजिमा ने 12वें, 27वें और 53वें मिनट में तीन गोल किए। इनके अलावा नाको ने 62वें मिनट और मारियानो ने 79वें मिनट में टीम के लिए मैच जिताऊ गोल किए। दूसरी ओर फेनरबासे के लिए गैरी रोड्रिग्स ने 6वें मिनट में गोल किया। यह मैच का पहला गोल था। इनके अलावा नाबिल दिरार ने 34वें मिनट और ओजान तूफान ने 59वें मिनट में गोल किए।

## विराट से मतभेद की खबरों के बीच रोहित ने कहा- मैं टीम के लिए नहीं, देश के लिए खेलता हूं

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली के साथ चल रही मनमुटाव की खबरों के बीच टीम (वनडे और टी20) के उपकप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को एक ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, मैं सिर्फ अपनी टीम के लिए नहीं खेलता हूं। मैं अपने देश के लिए खेलता हूं। वेस्टइंडीज दौरे पर रवाना होने से पहले कोहली ने रोहित के साथ मतभेद की खबरों को गलत बताया था। कप्तान के मुताबिक, ड्रेसिंग रूम में सबकुछ ठीक है। सोमवार को वेस्टइंडीज दौरे पर रवाना होने से पहले कोहली ने कोच रवि शास्त्री के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इस दौरान विराट ने कहा था, अगर मैं किसी व्यक्ति को पसंद




नहीं करता या मुझे उससे असुरक्षा महसूस होती है तो आपको वह मेरे चेहरे पर दिखेगा। मैंने हमेशा से रोहित शर्मा की तारीफ की है, क्योंकि मैं जानता हूं कि वे अच्छे हैं। हमारे बीच कभी कोई मतभेद नहीं रहे। शास्त्री ने भी दोनों खिलाड़ियों के बीच मतभेद की खबरों को गलत और चौंकाने वाला बताया था। उन्होंने कहा था, कोई भी व्यक्ति खेल से बड़ा नहीं है। न मैं, न विराट, न टीम का कोई और खिलाड़ी। अगर किसी के बीच मनमुटाव या मतभेद है तो हम जिस निरंतरता के साथ खेले हैं, वह मुमकिन नहीं होता। मैं कुछ समय से ड्रेसिंग रूम का हिस्सा हूं और इस तरह की बातें कभी नहीं हुई।

## चीफ सिलेक्टर ने कहा- चयन समिति दूर का सोचती है, तभी हार्दिक-बुमराह टेस्ट खेल पाए


**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम की 5 सदस्यीय चयन समिति पर दूरदर्शी नहीं होने के आरोप लगते रहे हैं। लेकिन चयन समिति के प्रमुख एमएसके प्रसाद ने इसे सिरे से खारिज करते हुए कहा, अगर हम दूर की नहीं सोचते तो हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट नहीं खेल पाते। अगर समिति में दूरदर्शिता की कमी




होती तो फिर जिस बुमराह को केवल सीमित ओवरों का क्रिकेटर माना जाता था, वे कैसे टेस्ट क्रिकेट में आ पाते और फिर आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बन पाते। प्रसाद ने कहा, हम दूरदर्शी हैं, इसलिए हार्दिक पंड्या तीनों फॉर्मेट में ऑलराउंडर की भूमिका निभा पाए। जबकि पहले उन्हें सिर्फ टी20 का खिलाड़ी माना जाता था। मौजूदा समिति ने ही आर. अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे स्थापित स्पिनरों की मौजूदगी के बावजूद रिस्ट स्पिनर कुलदीप और चहल को आगे बढ़ाया। हेगरबर्ग, अमान्डिने हेनरी और वेन्डी रेनार्ड भी शामिल हैं। अमेरिका महिला टीम की कोच जिल एलिस बेस्ट वुमन्स कोच ग्लोरी अवॉर्ड जीतने की प्रबल दावेदार हैं।

## मेसी और रोनाल्डो फीफा बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड के लिए नामांकित, लिवरपूल के 3 खिलाड़ी लिस्ट में

**नई दिल्ली।** फीफा बेस्ट मेन्स प्लेयर्स अवॉर्ड के लिए जुवेंटस के क्रिस्टियानो रोनाल्डो और बार्सिलोना के लियोनल मेसी को नामांकित किया। जारी अवॉर्ड लिस्ट में प्रीमियर लीग विजेता लीवरपूल के तीन खिलाड़ियों का नाम है। यह खिलाड़ी सादियो माने, मोहम्मद सलाह और वर्जिल वेन डाइक हैं। यह अवॉर्ड प्रोग्राम 23 सितंबर को इटली के मिलान शहर में आयोजित होगा। मेसी और रोनाल्डो के अलावा लिस्ट में पीएसजी के कीलियन एम्बाप्पे, टॉटेनहैम के हैरी केन, बेल्जियन के ईडन हजार्ड और डच खिलाड़ी फ्रेंकी डी जोंग का नाम लिस्ट में है। वहीं, बेस्ट मेन्स कोच अवॉर्ड के लिए जुर्गन क्लॉप, पेप गॉर्डियोला, मॉरिसियो पोचेटिनो, टिटे, जामेल बेल्मादी को नामित किया गया है। महिला वर्ग में कई खिलाडियों को फ्रांस में हुए वर्ल्ड कप के प्रदर्शन के आधार पर चुना गया। वर्ल्ड कप विजेता अमेरिका की महिला टीम से मेगन रेपिनो, एलेक्स मॉर्गन, जूलियन ईटज और रोज लेविले का नाम भी अवॉर्ड लिस्ट में शामिल किया गया है। इस सूची में लूसी ब्रॉन्जे, एडा हेगरबर्ग, अमान्डिने हेनरी और वेन्डी रेनार्ड भी शामिल हैं। अमेरिका महिला टीम की कोच जिल एलिस बेस्ट वुमन्स कोच ग्लोरी अवॉर्ड जीतने की प्रबल दावेदार हैं। उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी फिल नेविल और सारीना विगमैन हैं।







दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रितेश ने जेनेलिया को बताया अपनी जिंदगी की सनशाइन




**अभिनेता** रितेश देशमुख अभी अपनी पत्नी और अभिनेत्री जेनेलिया संग न्यूयॉर्क में छुट्टियां बिता रहे हैं और इस बीच दोनों की एक बहुत ही प्यारी सी तस्वीर को साझा करते हुए उन्होंने जेनेलिया को अपनी जिंदगी की सनशाइन बताया। रितेश ने इंस्टाग्राम पर जेनेलिया संग अपनी एक सेल्फी पोस्ट की, जिसमें ये दोनों एक-दूसरे को गला लगाते हुए कैमरे की ओर देखकर मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। तस्वीर में रितेश येलो टी-शर्ट और कैप पहने दिख रहे हैं, जबकि जेनेलिया व्हाइट जैकेट और नो-मेकअप लुक में नजर आ रही हैं। इसके कैप्शन में रितेश ने लिखा, सनशाइन गर्ल और मैं। रितेश और जेनेलिया की मुलाकात साल 2003 में आई फिल्म तुझे मेरी कसम के सेट पर हुई थी। फिल्म के लिए काम करते वक्त दोनों के बीच प्यार हुआ और दोनों ने साल 2012 में शादी कर ली। उनके दो बच्चे भी हैं- रियान और राहिल।



# अली फजल और तापसी नहीं करना चाहते अपनी फिल्म का प्रमोशन



**हाल** ही में फिल्म 'तड़का' का गाना ऑनलाइन रिलीज किया गया है, जिसके बाद फिल्म के लीड ऐक्टर अली फजल ने मूवी के लिए प्रमोशन में कुछ पोस्ट करने की जगह गाने के रिलीज होने पर हैरानी जताई। उन्होंने बताया कि न सिर्फ फिल्म के प्रड्यूसर्स पर केस चल रहा है, बल्कि क्रू और कास्ट को उनकी फीस तक नहीं मिली है। इस वजह से न तो वह और ना ही मूवी की ऐक्ट्रेस तापसी पन्नू इसका प्रमोशन करना चाहती हैं। अली ने लिखा कि, 'मुझे जहां तक याद है फिल्म के प्रड्यूसर्स पर कोर्ट केस चल रहा है। चेक बाउंस हो गए हैं। ऐक्टर्स और क्रू को अभी तक फीस नहीं मिली है। मुझे हैरानी है कि इस सबके बावजूद मूवी का प्रमोशनल गाना जारी किया गया है'। बता दें कि, इस सब को लेकर अली ने एक इंटरव्यू में भी बात की है। उन्होंने बताया कि क्रू के किसी भी साथी और सितारे को प्रड्यूसर्स ने पैसा नहीं दिया है। जब मूवी का आखिरी हिस्सा शूट के लिए बचा था तब सभी ने काम करने से मना कर दिया था। उस समय मेकर्स ने वादा किया था कि सभी को जल्द उनका पेमेंट मिल जाएगा, इसलिए वह शूटिंग पूरी कर दें। अली को चेक मिला भी, लेकिन जब बैंक में उसे जमा करवाया गया तो वह बाउंस हो गया। इसके बाद प्रड्यूसर जतिश वर्मा ने अली को जल्द ही उनकी फीस देने की बात कही थी, लेकिन अब तक उन्हें कुछ नहीं मिला है। फजल ने बताया कि मूवी में उनकी को-स्टार और अच्छी दोस्त तापसी पन्नू भी इन सब वजहों से फिल्म का प्रमोशन नहीं करना चाहती हैं। वहीं जतिश वर्मा ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि प्रमोशन के बाद किए जाने वाली लास्ट पेमेंट देना ही बाकी रहा है, इसके अलावा सारी फीस दे दी गई है। मूवी कब रिलीज की जाएगी इसे लेकर उन्होंने कहा था कि डेट अभी तक तय नहीं हो सकी है।



# साहो की रिलीज के बाद शादी के बंधन में बंधेंगे प्रभास

**बाहुबली** स्टार प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'साहो' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में प्रभास श्रद्धा कपूर संग धमाल मचाने वाले हैं। वहीं प्रभास बाहुबली से ही लाखों लड़कियों के दिलों की धड़कन बने हुए है। प्रभास को तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री का मोस्ट एलिजिबल बैचलर माना जाता है। इतना ही नहीं, बल्कि ये कहना भी बिलकुल गलत नहीं होगा कि कोई भी लड़की प्रभास से शादी करने के लिए तैयार हो जाएगी। प्रभास से शादी करने के लिए लड़कियां उन्हें खत और ईमेल्स तक भेजती रहती है। प्रभास का नाम अक्सर इनकी बाहुबली को-एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी के साथ अक्सर जुड़ता रहा है। हालांकि इन दोनों ने हमेशा से ही अपने अफेयर की खबरों को महज एक अफवाह बताया है। ताजा रिपोर्ट कि मानें तो प्रभास जल्द ही शादी करने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि साहो की रिलीज के बाद वह अपना घर बसा लेंगे। प्रभास की फैमिली चाहती है कि वो यूएस बेस्ड बिजनेसमैन कि बेटी के साथ शादी करे। हालांकि अभी तक कुछ फाइनल नहीं किया गया है। ना ही अबतक प्रभास की शादी को लेकर कोई कंफर्मेशन आई है। अगर यह खबर सच साबित होती है कि कई लड़कियों का दिल टूटने वाले है। पिछले साल प्रभास के फैमिली मेंबर ने इस बात का खुलासा किया था कि अगले साल प्रभास शादी करेंगे। साथ ही यह भी कहा था कि ये उनके परिवार की इच्छा है।